


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 17 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-289 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### हेट स्पीच नहीं दें पायेंगे टी राजा

**रायपुर,17 जनवरी।** तेलांगना के विधायक टी राजा की रैली छत्तीसगढ़ में 19 से 25 जनवरी तक हिन्दू जन जागृति समिति ने आयोजित की है। टी राजा कट्टर हिन्दूवादी व आक्रमक तेवर के नेता माने जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने रायपुर के कलेक्टर व एसपी को निर्देश दिये हैं कि टी राजा की रैली व भाषण की रिकार्डिंग सीसीटीवी से की जाए तथा उन्हें हेट स्पीच न देने दिया जाए।

### पुलिस कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने डीजीपी के निर्देश

**रायपुर,17जनवरी।** छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का निर्णय 2019 में लिया गया था. लेकिन इस आदेश का सही ढंग से पालन नहीं हो रहा था. अब पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने के लिए डीजीपी अशोक जुनेजा ने फिर से आदेश जारी करते हुए इसका कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है. अब पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश निश्चित रूप से मिलेगा. बता दें कि कांग्रेस शासन काल में वर्ष 2019 में सरकार ने पुलिसकर्मियों की मांग को देखते हुए साप्ताहिक अवकाश देने का आदेश जारी कर दिया था. लेकिन इस आदेश के जारी होने के बाद कुछ जिलों में इसका सही तरीके से पालन हुआ था, अब बीजेपी की सरकार आने के प्रदेशभर के सभी पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का निर्णय लिया गया है.

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, एक की मौत

**बालोद,17 जनवरी।** डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के गिधाली गांव में सड़क पर खड़ी खराब ट्रक से एक बाइक टकरा गई. जिसमें बाइक सवार दो भाई बुरी तरह से जख्मी हो गए. वहीं एक भाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. इधर दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक डौंडी विकासखण्ड के कुमुरकट्टा गांव के रहने वाले दो भाई भुनेश्वर सेन और उसका छोटा भाई पिंकू सेन रात को अपनी बहन के घर बाइक से राजनांदगांव जा रहे थे. तभी गीधाली गांव के पास दो दिन से सड़क के बीचों बीच एक खराब ट्रक खड़ी थी. जिसमें बाइक सवार दोनों भाई टकरा गए. इसमें बड़े भाई के सामने ही छोटे भाई की तड़प-तड़प कर मौत हो गई. वहीं बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे डौंडीलोहारा पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. प्राथमिक इलाज के बाद उसे राजनांदगांव रेफर कर दिया गया. जहां बड़े भाई की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है. बताया जाता है कि जिस छोटे भाई की मृत्यु हुई है उसका दो महीने का बेटा है. जो घायल है उसकी 2 बेटियां हैं.

### लालू का अयोध्या जाने से इंकार

**पटना,17 जनवरी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। 75 वर्षीय राजनीतिक दिग्गज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को अस्वीकार करने वाले नवीनतम विपक्षी नेता बन गए।

### ड्रोन का पहरा, 10 हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे

# अभेद्य बनी अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था

**अयोध्या,17 जनवरी।** 22 जनवरी को पवित्र शहर अयोध्या में राम मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होने वाला है। पूरा देश उत्साह से भरा हुआ है। हालांकि, इस कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा को भी सर्वोच्च स्तर पर रखा गया है। अधिकारी जनशक्ति और तकनीक के मिश्रण का उपयोग कर रहे हैं, जिसमें ड्रोन-विरोधी सुविधाओं वाले ड्रोन और कैमरों में एआई शामिल हैं। ताकि समारोह के दौरान हर चीज पर कड़ी नजर रखी जा सके। किसी भी बदलाव के बारे में जनता को पहले से सूचित करने की योजना के साथ, परिवहन में भी कोई परेशानी ना हो, इसका भी ध्यान रखा गया है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था पर स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि जिन स्थानों पर आम जनता या आम श्रद्धालु दर्शन करेंगे, वहां पुलिस के लिए अलग से ड्रेस कोड होगा। वहां तैनात सभी पुलिसकर्मी बिना हथियार के होंगे और हथियार वाले पुलिसकर्मी पुलिस की वर्दी में होंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि हमने तकनीक को भी शामिल किया है और कैमरों के जरिए निगरानी की जाएगी।



विभिन्न राज्यों से आए कुछ प्रशिक्षु आईपी अधिकारियों को भी तैनात किया गया है क्योंकि विभिन्न भाषाएं बोलने वाले लोग अयोध्या आएंगे और उनके सहज अनुभव के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। स्थानीय अधिकारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। उन्नत सुरक्षा उपायों और साजो-सामान योजना के साथ, वे राम मंदिर में इस ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित कर रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए, पूरे जिले में 10,000 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सादे कपड़ों में बहुभाषी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। 90 दिनों की रिकॉर्डिंग क्षमता के साथ, ये हाई-टेक कैमरे शहर भर के प्रमुख स्थानों से फुटेज कैप्चर करते हुए निरंतर निगरानी प्रदान करेंगे। यूपी पुलिस की तरफ से 3 डीआईजी, 17 आईपीएस और 100 पीपीएस स्तर के अधिकारी अयोध्या में तैनात किए गए हैं।



रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के पण्डरी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद नगर पहुँचकर सिखों के 10वें गुरू और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर आयोजित प्रकाश पर्व समारोह में शामिल हुए।

## ईडी के समन ने केजरीवाल को धर्म से जोड़ाः अनुराग

**नई दिल्ली,17 जनवरी।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुंदरकांड पाठ अभियान को लेकर आम आदमी पार्टी पर तीखा कटाक्ष किया और कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय के समन के कारण पार्टी धर्म की ओर मुड़ गई। उन्होंने आप सरकार पर दिल्ली में अपने शासनकाल के दौरान हिंदू मंदिरों, पुजारियों और संतों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के लगातार समन में शामिल नहीं हुए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया, जिनके कई नेता जेल में हैं, जो कहते थे हम भ्रष्टाचार से लड़ेंगे, आज वही अरविंद केजरीवाल और उनके लोग भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं। इन लोगों को चार बार ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा जा चुका है। वे समन को छोड़ देते हैं लेकिन मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए वे सुंदरकांड का पाठ कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मंदिरों, संतों और पुजारियों के लिए क्या किया है। ऐसे समय में जब मौलवियों को मासिक ख़ैरात मिलती थी, केजरीवाल सरकार ने मंदिरों से दूरी बनाए रखी। अब ऐसी क्या जल्दी है कि आप ईडी के समन के बीच सुंदरकांड का पाठ कर रहे हैं? मंगलवार को केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल रोहिणी के एक मंदिर में सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए।



# बीएसपी बार एंड रॉड मिल-बीआरएम में आग

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई,17 जनवरी।** भिलाई स्टील प्लांट में फिर हादसा हो गया है बार एंड वायर रॉड मिल-बीआरएम में भीषण आग लगी है. सुबह साढ़े 7 बजे के करीब मिल में भीषण आग लग गई. आग को काबू करने की कोशिश की जा रही है. अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं।भिलाई स्टील प्लांट में भीषण आग बताया जा रहा है कि ईसीआर-1 के पीछे सब स्टेशन के पास आग लगी है. आग लगने के बाद पूरा मिल एरिया अंधेरे में है. प्लांट कंट्रोल, इलेक्ट्रिकल और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर डटी हुई थी. दूर तक धुआं दिखाई दे रहा था. अफरा-तफरी का आलम था। मिल में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने का दावा किया जा रहा है. अधिकारिक रूप से इस बारे में प्रबंधन की ओर से कोई सूचना नहीं है.बार एंड वायर रॉड मिल बीआरएम में रविवार को भी हादसा हुआ था. बार एंड रॉड मिल-बीआरएम में क्रेन नंबर 113 का मैग्नेट शिफ्ट रूम को ठोकर मारते हुए आगे बढ़ गया था. ठोकर इतनी तेज थी कि अंदर बैठे वर्कर दहशत में आ गए थे. ऊपर मंजिल पर लगा कूलर ठोकर की वजह से टूटकर अंदर घुस गया. हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।





बीआरएम में आग लग गई आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है आग को काबू करने की कोशिश की जा रही है ईसीआर-1 के पीछे सब स्टेशन के पास अचानक सुबह आग लग गई आग में इलेक्ट्रिकल का सामान जल गया है तो वही पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया है तो वही आगे की वजह से प्रोडक्शन भी रोका जा चुका है सेल विभाग के आला अधिकारी मौके पर मौजूद है। भिलाई स्टील प्लांट में फिर हादसा हो गया है। बार एंड रॉड मिल-बीआरएम में भीषण आग लगी है। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। आग को काबू करने की कोशिश की जा रही है।उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके हैं। उत्पादन प्रक्रिया को थोड़ी देर के लिए रोका गया। मिल एरिया अंधेरे में है। प्लांट कंट्रोल, इलेक्ट्रिकल और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर डटी हुई है।

### प्लेन में टॉयलेट में बैठकर मुंबई से बेंगलुरु पहुंचा यात्री

**मुंबई,17 जनवरी।** स्पाइसजेट एयरलाइन चर्चा में है और हो भी क्यों ना आखिर फ्लाइट टिकट लेकर किसी यात्री को प्लेन के टॉयलेट में बैठकर पूरी यात्रा करनी पड़े तो सुर्खियों में तो आएगी ही. जी हां मुंबई से बेंगलुरु जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट के टॉयलेट में एक यात्री इतनी बुरी तरह से फंस गया कि वह फ्लाइट के लैंड होने के बाद ही बाहर निकाला जा सका. अब स्पाइजेट की ओर से असुविधा झेलने वाले इस यात्री को पूरा रिफंड दिया जाएगा. ये पूरा मामला मंगलवार का है, जब मुंबई से एक यात्री स्पाइसजेट की फ्लाइट में बेंगलुरु के लिए रवाना हुआ था. इस बीच वो टॉयलेट में गया और करीब एक घंटे से ज्यादा की पूरी यात्रा खत्म होने तक उससे बाहर नहीं निकला. दरअसल, प्लेन के वॉशरूम का दरवाजा ऐसा फंसा कि खुलते ही नहीं बना. दरवाजे के लॉक में आई खराबी को पूरी उड़ान के दौरान तमाम प्रयासों के बाद भी नहीं खोला जा सका.

# नकली गुटखा फैक्ट्री में जीएसटी का छापा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**महासमुंद,17 जनवरी।** जीएसटी की टीम ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए महासमुंद के नयापारा इलाके में छापा मारा है. छापे के दौरान यहां से भारी मात्रा में सितार नामक नकली गुटखा बरामद किया है. जीएसटी की टीम ने नकली गुटखा बनाने वाली मशीन को जब्त कर लिया है. इस मामले में आगे कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग और पुलिस विभाग को जानकारी दे दी गई है. मिली जानकारी के अनुसार जीएसटी की टीम ने नयापारा इलाके में पुलिस चौकी के पास धीरज सरफराज नामक व्यक्ति के घर में भारी मात्रा में नकली सितार गुटखा को जब्त किया है, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है. हालाकि यहां गुटखा कब से बना रहा था. कितना माल यहां से मार्केट में खपाया गया ये सब जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा. फिलहाल जीएसटी की टीम ने जिले के खाद्य विभाग और पुलिस को इस कार्रवाई की जानकारी दे दी है और नकली गुटखा बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीन को जब्त कर लिया है. इस मामले में अब आगे की जांच जारी है.





# पाकिस्तान पर ईरान का एयर स्ट्राइक

**तेहरान,17 जनवरी।** ईरान की सेना ने मंगलवार को पाकिस्तान में बलोच उग्रवादी समूह जैश अल-अदल के दो प्रमुख ठिकानों पर हवाई हमला किया। इराक और सीरिया में हवाई हमलों के एक दिन बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने पाकिस्तान में घुसकर एयरस्ट्राइक की। ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि बलोच उग्रवादी समूह के दो प्रमुख मुख्यालयों (ठिकानों) पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया गया और उन्हें तबाह कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी सेना ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के उस क्षेत्र में हमला किया, जहां जैश- ल-अदल का सबसे बड़ा मुख्यालय था। पाकिस्तान ने दावा किया है कि ईरान के अकारण हमले में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन लड़कियां घायल हुई हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए एक बयान में कहा कि पाकिस्तान ईरान द्वारा उसके हवाई क्षेत्र के उल्लंघन की कड़ी निंदा करता है, जिसमें दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन लड़कियां घायल हो गईं। बयान में कहा गया है कि यह पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा कहा है कि आतंकवाद क्षेत्र

> **आतंकी ठिकानों को उड़ाया मिसाइल और ड्रोन से हमला कर**

के सभी देशों के लिए साझा खतरा है, जिसके लिए समन्वित कार्रवाई की जरूरत है। इस तरह की एकतरफा कार्रवाई अच्छे पड़ोसी संबंधों के अनुरूप नहीं है। ऐसे कृत्य द्विपक्षीय संबंध और विश्वास को गंभीर रूप से कमजोर कर सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, जैश अल-अदल का गठन 2012 में हुआ था, जिसे ईरान आतंकवादी संगठन मानता है। ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में स्थित यह एक सुन्नी आतंकवादी समूह है। पिछले कुछ वर्षों में जैश अल-अदल ने ईरानी सुरक्षा बलों पर कई हमले किए हैं। दिसंबर में जैश अल-अदल ने सिस्तान-बलूचिस्तान में एक पुलिस चौकी पर हमले की जिम्मेदारी ली, जिसमें 11 पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी।

एक दिन पहले, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने इराक के उत्तरी शहर एरिबल के पास स्थित इस्राइल की मोसाद एजेंसी पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। साथ ही गार्ड्स ने सीरिया में भी इस्लामिक स्टेट आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। आंतकी समूहों आईएस की सभाओं को तबाह करने के लिए भी ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया था। हमले के कारण चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए, जिन्हें पास के ही अस्पताल में ले जाया गया है।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो इराक के एरिबल शहर स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के नजदीक भी कई विस्फोट हुए थे। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने ही हमलों की जिम्मेदारी ली थी। सूत्रों के मुताबिक, बमबारी बेहद हिंसक थी, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास आठ स्थानों को निशाना बनाया गया था।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

**नई दिल्ली,17 जनवरी।** इसी साल यानी 2024 में लोकसभा का चुनाव होने वाला है. इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी तैयारियों में जुट गई है. इस बीच नई दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए क्लस्टर प्रभारियों की बैठक बुलाई गई थी. इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए. इस बैठक में छत्तीसगढ़ से राजेश मूणत और अजय चंद्राकर भी शामिल हुए. करीब 6 घंटे तक विभिन्न सत्रों में चली बैठक में केंद्रीय नेतृत्व की ओर से बताया गया कि इस माह के अंत तक पार्टी के शीर्ष नेता क्लस्टर में जाना शुरू करेंगे और सांगठनिक व रणनीतिक दृष्टि से पार्टी की चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे. वे क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली लोकसभा सीटों के संभावित प्रत्याशियों के बारे में भी सांगठनिक तंत्र से फीडबैक जुटाएंगे. इस बैठक को लेकर अजय चंद्राकर ने एक्स पर पोस्ट किया है. इसमें उन्होंने कहा कि, नई दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव के क्लस्टर प्रभारियों की महत्पूर्ण बैठक में शामिल हुआ. इस दौरान बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.



# खैरागढ़ में दुर्लभ शिकारी बाज दिखा

**खैरागढ़,17 जनवरी।** जिले के जंगल हमेशा से अपनी जैव विविधताओ और सुंदरता को लेकर वन्य प्रेमियों को आकर्षित करते रहे हैं. मैकल पर्वत माला के आख़री छोर पर स्थित ये जंगल हमेशा वन्य प्रेमियों को चौक़ाते हैं, ताजा मामला ढारा खर्रा रिजर्व फॉरेस्ट का है, जहां चेंजेबल हॉक ईगल के सब एडल्ट पक्षी को रिकॉर्ड किया गया है. छत्तीसगढ़ के अचानकमार और कांगेर वैली नेशनल पार्क के अलावा ये शिकारी पक्षी अब तक केवल सघन जंगलों में ही दिखाई देते हैं, ऐसे में इनका खैरागढ़ क्षेत्र के जंगलो में दिखाई देना पक्षी प्रेमियों को रोमांचित कर रहा है. अविभाजित राजनांदगांव जिले में पहली बार इस पक्षी को रिकॉर्ड किया गया है. प्रतीक ठाकुर ने जिले में पहली बार इस पक्षी को अपने कैमरे में रिकॉर्ड किया है. प्रतीक बताते हैं कि यह पक्षी जन्म से मृत्यु तक कई बार अपने शरीर और रंग को बदलता है, इसलिए इसका नाम चेंजेबल हॉक ईगल पड़ा है. अपने मध्यम आकार और शिकारी कौशलता से ये शिकारी पक्षी आसानी से अपना पेट भर लेता है और घने जंगलों में शांति से बैठा रहता है.आज लेकिन जब पक्षी विज्ञानी प्रतीक ठाकुर ने ईगल को रिकॉर्ड किया तब वो ज़बरदस्त कॉलिंग कर रहा था और जंगल के कोतवाल कहे जाने वाले ब्लैक ड्रोंगों से भिड़ंत भी कर रहा था. अब यह कयास लगाए जा रहे हैं कि यह अपने रहने के लिए जंगल में अपना नया क्षेत्र बना रहा है.



# रतनजोत खाने से आदिवासी बालक आश्रम के छात्र बीमार

» रतन जोत खाने से आश्रम के 7 बच्चे बीमार, 1 गंभीर

» बच्चों का हाल जानने जिलाधीश दीपक अग्रवाल सुबह 5 बजे पहुंचे अस्पताल

**गरियाबन्द,17 जनवरी**

मैनपुर विकासखंड मुख्यालय से पन्द्रह कि.मी. दुर ग्राम बड़े गोबर में संचालित आदिवासी बालक आश्रम के सात बच्चों ने संध्या चार बजे रतनजोत का फल खाया लिये जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी और संध्या लगभग सात बजे भोजन करने के बाद उल्टियां तेज हो गई स्थितियों को बिगड़ते देख इन बच्चों को लाने के लिए एक सौ आठ को फोन लगाया गया किंतु मैनपुर मे उपलब्ध न होने के चलते एवं बच्चों के बिगड़ते स्थिति को देखते हुए इन बच्चों को मोटरसाइकिल के जरिए मैनपुर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बीच दो बच्चों की स्थिति बिगड़ते देख सभी बच्चों को रात एक बजे गरियाबंद जिला चिकित्सालय लाया गया जहाँ एक बच्चे की स्थिति गभीर था लगातार रात को चिकित्सा होने के बाद सुबह उसकी स्थिति में सुधार नजर आने लगा है। वहीं देर रात जिलाधीश दीपक अग्रवाल को होने के बाद वे सुबह 5ः00 बजे अस्पताल पहुंचे और बच्चों से बात करके उनका हाल-चाल जाना साथ ही अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि इस प्राकरण में कहीं भी कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए बच्चों का प्राथमिकता से इलाज किया जाए और इसकी प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी लगातार दिया जाए। इस प्राकरण को लेकर बिंद्रा नवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने तत्काल मैनपुर अस्पताल के बी.एम.ओ. को फोन करके बच्चों की समुचित इलाज का निर्देश देते हुए कहा था इलाज में किसी भी किस्म की लापरवाही ना हो इस बात का विशेष ख्याल रखें मैनपुर विकासखंड के अति सवेदन शिल नक्सल प्रभावित क्षेत्र बड़े गोबरा में लगभग पैतालीस बच्चे कक्षा पहली से पांचवी तक अध्यनरत है इस आश्रम में रहकर पढ़ने वाले ये बच्चे आश्रम के पास ही रतनजोत का जहरीला फल को खा लिये इस जहरीले फल को खाने के बाद बच्चों की स्थिति बिगड़ने लगी किंतु इन बच्चो ने बताया नहीं, संध्या सात बजे भोजन के बाद इन बच्चों को उल्टियां होने लगी मितानिनो को दवाई के लिए बुलाया गया किन्तु स्थितियों को देखते हुए उन्होंने मैनपुर ले जाने की बात कही। मैनपुर मे एक सौ आठ उपलब्ध न होने के चलते बड़े गोबरा के नागरिकों ने चार मोटरसाइकिल के सहारे इन बच्चों को लेकर मैनपुर पहुंचे जहां इलाज के दौरान दो बच्चों की स्थिति अधिक गंभीर होने के चलते इन्हें उच्च चिकित्सा हेतु गरियाबंद जिला अस्पताल भेजा गया है। रात एक बजे अस्पताल पहुंचने के बाद उनका इलाज प्रारंभ किया गया इस संबंध में डॉक्टर से चर्चा करने पर वे कहते हैं एक बच्चा ठीक नहीं है जिसे निगरानी में रखा गया है बाकी बच्चों को भी कल दिन मे भी निगरानी मे रखा जाएगा और उनकी स्थितियों को देखा जाएगा इसके बाद ही कोई फैसला किया जा सकेगा ।वही उनके साथ पहुंचे आश्रम अधीक्षक का कहना है कि ये बच्चे रतनजोत का जहरीला फेल खा लिए हैं जिससे तबीयत बिगड़ी है ।यह पूछे जाने पर किसकी घटना की जिम्मेदारी किसकी बनती है तो वह कहते हैं वे बच्चों को रोक नहीं पाये। साथ ही वे यह भी कहते है, वहां पर लाइट और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है जिसके चलते काफी दिक्कतों का सामना वे कर रहे हैं। वहीं देर रात इस घटना की जानकारी जिलाधीश दीपक अग्रवाल को मिलने के बाद वे रात में प्रातः 5 बजे अस्पताल पहुंचे बच्चों से चर्चा किया।



## एक नजर

### 1.60 करोड़ के नशीले टेबलेट जब्त



**भिलाई, 17 जनवरी।** भिलाई प्रतिबंधित मादक पदार्थों की चेन को तोड़ने की कोशिश कर रही दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। दुर्ग पुलिस ने राजस्थान के अलग-अलग ठिकानों में दबिश देकर करीब 1 करोड़ 60 लाख 44 हजार रुपए की नशे की टेबलेट व सिरप जब्त की है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के इतिहास में पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है दुर्ग एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए उन्होंने एक विशेष टीम गठित की टीम को पता चला कि नशे की सिरप व दवाओं की सप्लाई के तार राजस्थान से जुड़े हैं। एसएसपी ने टीम बनाकर आरोपी को पकड़ने के लिए भेजा गया। दुर्ग सीएसपी मणि शंकर चंद्रा के नेतृत्व में टीम राजस्थान के राज्य के बुंदी पहुंची। टीम ने वहां जांच में पाया कि राजस्थान के बुंदी स्थित बायोलैब रेमेडिस से पूरे देश में नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई की जाती थी पुलिस ने जब रेमेडिस के संचालक अंकुश पालीवाल ( 35 वर्ष ) निवासी देवपुरा जिला बुंदी (राजस्थान) को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि उनके यहां से भारत के विभिन्न राज्यों सहित बांग्लादेश में भी ऑनलाइन दवा की सप्लाई की जाती थी। जब वह दवाओं के इतने बड़े पैमाने पर बेचने का वैध दस्तावेज नहीं दे सका तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया इसके साथ ही उसकी दुकान से करोड़ों की नशीली दवा व सिरप को भी जब्त करके छत्तीसगढ़ लाया गया नशीली दवा बेचने के काले कारोबार में दुर्ग जिले के वैभव खंडेलवाल और आकांक्षा खंडेलवाल भी शामिल थे

### सूने मकान से 87 हजार की चोरी

**भिलाई, 17 जनवरी।** भिलाई अमलेश्वर थाना क्षेत्र सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि बी/ 40 हर्षित नियो सिटी अमलेश्वर निवासी कांता प्रसाद महिलांग फायनेंस कंपनी के रायपुर में ब्रांच मैनेजर के पद पर है उक्त सिटी में किराए में निवास करता है 14 जनवरी को मकान में ताला जड़कर बहन के घर चला गया था। दूसरे दिन घर लौटने पर गेट का ताला खुला पड़ा मिला। नगदी 57 हजार पार कर दिया चोरी हुए समानों की कीमत 87 हजार रुपए आंकी गई है ।

### झाड़-फूंक के नाम हजारों की ठगी

**भिलाई, 17 जनवरी।** भिलाई झांड फूक का झांसा देकर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई किया है जामगांव आर पुलिस ने बताया कि ग्राम धमना स्कूल पारा वार्ड 8 निवासी हिरमत बाई साहू घर पर अकेली थी पति काम पर गया हुआ था बाइक सीजी 07 एलसी 4867 में सवार होकर पहुंचा महिला को उसके मां का मामा होने का झांसा देकर नीबू मंगाकर फूंक- झड़ी करने की बात कही उसे लेकर अज्ञात मौके से फरार हो गया जिसकी कीमत 35 हजार और नगदी रकम 2500 रूपये था।

### शादी के नाम पर किशोरी से अनाचार

**भिलाई, 17 जनवरी।** भिलाई किशोरी को शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले युवक को



पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 363, 365, 366 (क) 376, 506, पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है पद्मनाभपुर टीआई अनिल साहू ने बताया कि खड़कपुर पश्चिम बंगाल हाल ही में रसमड़ा शीतला मंदिर अंजोरा चौकी निवासी अमर साहू किशोरी को अपहरण कर अपने साथ लेकर गया जहां उसे शादी का झांसा देकर लगातार अनाचार करता रहा आरोपी किशोरी को जान से मारने की धमकी दी थी मोबाइल लोकेशन से आरोपी अमर की जानकारी जुटाई गई पश्चिम बंगाल टीम भेजकर आरोपी को गिरफ्तार कर लाया गया।

### सेल स्थापना दिवस पर 24 को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**भिलाई, 17 जनवरी।** भारत की इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड- सेल के स्थापना दिवस 24 जनवरी को सेल की सभी इकाइयों में सेल गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस तारतम्य में प्रातः 8 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक धावक और धाविका को 5000 रुपये पुरस्कार तथा सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले 6 वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्रा को 3000 रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड-सेल, अपने स्थापना दिवस के अवसर पर, 24 जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को दीर्घ सेवा सम्मान से सम्मानित करता आ रहा है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीर्घ सेवा सम्मान के लिए, भिलाई इस्पात संयंत्र के ऐसे कर्मचारी पात्र होंगे, जिन्होंने लंबे समय से पूर्ण प्रतिबद्धता, समर्पण और कर्मनिष्ठा से संयंत्र को कई कीर्तिमान हासिल करने में अपना अमूल्य योगदान दिया है। इस कार्यक्रम में, भिलाई इस्पात संयंत्र में पिछले 25 वर्षों से निरंतर अपनी सेवा देने वाले कार्यपालक एवं गैर कार्यपालक शामिल हैं। समारोह, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित में किया जायेगा। सुरेश वाडकर नाइट का भी आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन, 24 जनवरी को भिलाई क्लब के रॉयल क्रिस्टल गार्डन में, संध्या 7.30 बजे से किया जायेगा।

#### घर-घर लोगों को अयोध्या समारोह में आने के लिए आमंत्रित किया

# आयोध्या से पूजित अक्षत कलश की निकाली गई शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**उतई, 17 जनवरी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ आयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सफल एवं भव्यता प्रदान करने क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह एवं जोरों शोरों से तैयारियां की जा रही है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस आयोजन से जोड़ने के लिए आयोध्या से पहुंची अभिमंत्रित अक्षत कलश के माध्यम से प्रत्येक भारतवासियों को घर घर जाकर निमंत्रण देने का क्रम जारी है।

इसी उपलक्ष्य में रविवार की शाम आदर्श ग्राम कोड़िया में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा ग्राम के गायत्री मन्दिर से प्रारंभ होकर शीतला मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर भांठापारा, शक्तिमाता मन्दिर, ठाकुरदेव, साहड़ा देव, श्रीहनुमान मन्दिर व श्रीराम जानकी मंदिर चौक एवं समस्त ग्रामीण देवी-देवताओं के साथ प्रत्येक घरों में अक्षत व श्रीराम मंदिर फ़ोटो प्रदान कर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आमंत्रित किया गया।यात्रा में मौजूद श्रद्धालु व ग्रामीण जय श्रीराम के जयघोष करते हुए हरिनाम कीर्तन एवं श्रीराम भजनों की धुनों पर झूमते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम से समूचा कोड़िया गांव राममय हो गया एवं यात्रा के दौरान ने ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की व भगवान राम की आरती उतारकर जोरदार स्वागत किया। यात्रा विराम हेतु श्रीराम जानकी मंदिर चौक में संध्याकालीन महाआरती की गई। श्री वेदमाता गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू ने कहा 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के उपरांत रामलला अपने निवास में विराजेंगे और यह हमारा परम सौभाग्य है कि हम सब इस अलौकिक दृश्य को अपनी आंखों से देख रहे हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि 22 जनवरी को दीपावली जैसा माहौल बना दें। उन्होंने निवेदन करते हुए कहा इस दिन गायत्री परिवार एवं अन्य धार्मिक व सामाजिक संगठनों के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र के हर धार्मिक स्थान पर बड़े-बड़े अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे है और हर किसी को इस अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।इस दौरान दुर्ग जिला निषाद समाज आंकेक्षक मलेश निषाद, वरिष्ठ गायत्री परिवार परिजन मोहन निषाद, शौर्य युवा संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, गुमिता साहू, गायत्री निषाद, गणेशु निषाद, प्रेमनारायण त्रिपाठी, देवेंद्र निषाद, हीरासिंग साहू, दिनेश दीपक, प्रकाश निषाद, चेतन दीपक, देवी प्रसाद सेन, प्रमिला साहू, जामिनी साहू, कमलेश्वरी निषाद, कुमारी निषाद, सावित्री निषाद, आरती निषाद, सुलोचना निषाद, कुमारी साहू, हिमांशु, नमन, अमन, गौरव, वासिनी, लुकेश, लीकेश, दीपिका, संजना, विधि, मौली, दृष्टि, बाल संस्कारशाला व शौर्य युवा संगठन के सदस्यों के साथ ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### आई.आई.एम. भिलाई चैप्टर ने लोगों को तकनीत के प्रति किया जागरूक



भिलाई, 17 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेटल्स भिलाई चैप्टर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक असित साहा एवं संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता, विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक एवं आईआईएम-भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष ए बी श्रीनिवास द्वारा की गई। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेटल्स - भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन में, संस्था के सचिव एवं महाप्रबंधक के व्ही शंकर के प्रयत्नों से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

# देव स्थलों की सफाई पुण्य का काम :ललित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,17 जनवरी।** अयोध्या में अनुष्ठान शुरू ह से पहले पूरे देश भर के देव स्थलों और मंदिरों की विशेष सफाई की जा रही है। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के मंदिरों के आस पास सफाई किया जा रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भी दो दिनों तक श्रमदान किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अपने शहर की सफाई और स्वच्छता के लिए कार्य करना हर नागरिक का कर्तव्य है। वही अगर आस्था से जुड़े स्थानों में श्रम दान करते है तो इससे आत्मीय सुख के साथ पुण्य का लाभ होता है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पहले दिन मरोदा सेक्टर स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर की सफाई की। वहीं दूसरे दिन नेवई शीतला मंदिर और कल्याणी शीतला मंदिर के आस पास सफाई कार्य में श्रम दान किए। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सद्स्य परमेश्वर, पार्षद विधि यादव, गजेन्द्री कोठारी, डोमन बारले, ममता सिन्हा, महामंत्री राजू जंघेल समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**जहां श्रम दान वहां नियमित हो सफाई**-दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि अयोध्या में श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। मुख्य आयोजन 22 जनवरी को होगा। विधायक ने कहा कि मंदिर व देवालयों के आस पास नियमित सफाई हो। इस बात का निगम अमला विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि मुख्य आयोजन के दिन हर मंदिरों में आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित है। नागरिक भी घरों में दीप प्रज्वलित करें।

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया बीएसपी संयंत्र का भ्रमण

**भिलाई, 16 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने कर्मठ कार्मिकों के योगदान की बदौलत उत्पादन एवं उत्पादकता के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कार्मिक विभाग, कार्मिकों के परिवारजनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते के निर्माण करने के लिए तथा उन्हें संयंत्र से परिचय कराने हेतु समय-समय पर ÷आप भी जानिये÷ कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी कड़ी में टी एंड डी विभाग के कार्मिकों के पत्नियों को भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यक्षेत्रों से रूबरू कराने के उद्देश्य से ÷आप भी जानिये कार्यक्रम का आयोजन 13 जनवरी 2024 को किया गया। इस कार्यक्रम के तहत टी एंड डी विभाग के 25 कार्मिकों की पत्नियां सम्मिलित हुई। आप भी जानिये कार्यक्रम का शुभारंभ मानव संसाधन विकास विभाग से किया गया।

# कालीबाड़ी में हुआ तीन दिवसीय पौष मेला का रंगारंग आयोजन



**भिलाई, 17 जनवरी।** सेक्टर 6 कालीबाड़ी में 13 जनवरी से चले तीन दिवसीय पौष मेला तथा जिला स्तरीय मध्य ओपन वाकल म्यूजिक प्रतियोगिता 15 जनवरी रात्रि को सम्पन्न हुआ । विशेष अतिथि के रूप में बीएसपी के सीजीएम पीके सरकार, भाजपा महिला मोर्चा जिला दुर्ग की अध्यक्ष सरिता मिश्रा सहित अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। पौष मेले में मुख्य रूप से बच्चों के द्वारा किया गया शांति निकेतन के पौष नृत्य, बाउल फैंसी ड्रेस गाना, महिलाओं का समूह पौष गाना आकर्षण का केंद्र बना रहा। महा स्पेशल व्यंजन में रिसाली, भिलाई सेक्टर, कैम्प, खुर्सीपार क्षेत्र की महिलाओं के द्वारा अपने हाथों से बनाया हुआ खजूर गुर के मिठाई, चूसी पीठे, दूध पुली, पाटी साप्टा, भुजा पीठे का स्वाद को लोगों ने खूब सराहा । ओपन वाकल म्यूजिक प्रतियोगिता जिसमें ग्रुप ए 6 से 12 वर्ष , ग्रुप बी 13 से 18 वर्ष, ग्रुप सी 19 एवं ओपन आयु वर्गों में प्रतियोगिता कराया गया । प्रथम पुरस्कार के अलावा सभी वर्गो में प्रथम द्वितीय तृतीय का चयन करने के अलावा सभी को सांत्वना पुरस्कार के रूप में अतिथियों के हाथों से स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । संचालन श्रीमती बॉबी दास तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था सोनाली सेन के नेतृत्व में संपन्न हुआ । आयोजन के संबंध में समिति के सुमन शील ने कहा कि पौष मेला आयोजन का मुख्य उद्देश्य बंगाल की संस्कृति के माध्यम से एकता भाईचारा बनाए रखना एवं महिलाओं को रोजगार के रूप में आर्थिक बल देने का है। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रदीप राय ने की तथा आभार व्यक्त अजय सिन्हा द्वारा किया गया ।

# पीएम जनमन योजना के तहत वनांचल को मिली 47 सड़कों की सौगात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 17 जनवरी।** कबीरधाम जिले में पीएम जनमन योजना के तहत कवर्धा और पंडरिया विधानसभा में आदिवासी अंचलों एवं दूरस्थ और वनांचल में मेंन रोड बांटीपथरा से छिंदपुर , इंद्रीपानी से लालमाटी , केसमर्दा से बोदई बांकी , बांटीपथरा से पडियाधरान , बोदई से खुर्रीपानी , मेनरोड से कुरकी , दलदली मेन रोड से गभौरा, मेनरोड बैजलपुर से बिगरहा , बांटीपथरा से बीचपारा , भुरसी पकरी से चितावर , कबराटोला से डीलवापारा , कोयलारी से मोदियापथरा , मेन रोड से बर टोला , मेन रोड से बाघमडा , भरतपुर से लीलादादर, , मेन रोड आमापानी से खिचराही, मेन रोड से धार पथरा, मेन रोड पगवाही से बेलापानी , आमा पानी से माचा पानी , सिघनपुरी से बैगा डेरा , बरपानी से झूरगीदादर , मेन रोड रेंगाखार रोड से परसाही बैगापारा , मेनरोड से दुर्जनपुर बैगापारा , दलदली रोड कोटनापानी से जामपानी , मैन रोड पंडरीपानी से सौरू और माठपुर से नागाडबरा, मुनमुना से कमराखोल, बकेला से मुरकी, चतरी से इमलीटोला, माहीडबरा से कौवानार, तेलियापानी लेदरा से अजवाईबाह, सेंदूरखार से सेजाडीह, अमनिया बांगर रोड राहीडांड से चाऊरडोंगरी, मेनरोड कामठी से बैगापारा, कांदावनी से बंसाटोला, मेनरोड से डफरापानी, रूखमीदादर से साईटोला, तेलियापानी लेदरा से तिनगढ्ढा, अमनिया से अमलीटोला, बंदौरा से परेवाछापर जामुनपानी और अमनिया से बरटोला तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से कबीरधाम जिले में खुशी का माहौल है । तरुण छत्तीसगढ़ के सड़क की सौगात के सवाल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के सहायक अभियंता सोमकांत साहू ने बताया की कबीरधाम जिले में पीएम जनमन योजना के तहत 47 सड़को का निर्माण होगा और 186 किलोमीटर सड़को का जाल बिछेगा । प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यपालन अभियंता जितेंद्र कुमार मेश्राम के मार्गदर्शन में गुणवत्तायुक्त निर्माण किया जाएगा जिससे की लोगो को अच्छी सड़क मिलेगी । यह सड़क की सौगात मिलने से आदिवासी अंचलों में मूल भूत सुविधा मिलेगी और उनके शिक्षा , स्वास्थ्य और रहन सहन में अच्छा सुधार होगा ।

# बंछोर के नेतृत्व में हनुमान मंदिर में चलाया गया सफाई अभियान



**जामुल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मंदिर स्वच्छ अभियान के तहत जामुल नगर में 14 जनवरी को प्रातः 7 बजे रावन भांठा स्थित हनुमान मंदिर का साफ सफाई किया गया। जिसमे नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला भाजपा भिलाई के उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर ने अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले स्वच्छता अभियान के तहत जामुल के हृदय स्थल में हनुमान मंदिर के साफ-सफाई में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया देशभर में 14 जनवरी से स्वतंत्र अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत देश भर के मंदिरों और अन्य स्थानों का साफ सफाई किया जाएगा। इसके साथ भाजपा हिंदू समुदाय के लोगों से स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम,अयोध्या धाम के अनुसार सेवा प्रदान की अनुरोध किया गया है। इस अभियान में जामुल के मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी स्वच्छता अभियान के संयोजक कुलेश्वर वर्मा, ओम प्रकाश साहू, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामचंद्र साहू, अश्वनी पांडे, मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, देवदत शर्मा, केदार साहू अन्य जेष्ठ श्रेष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# झूलेलाल मंदिर सिंधू भवन में 22 को मनेगा दीपोत्सव:जय कुमार



भिलाई, 17 जनवरी। सिंधी ब्रादर मंडल के कार्यकारणी की बैठक उद्धव दास दावड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि देश की पवित्र नगरी अयोध्या में भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के खुशी के अवसर पर सिंधी समाज, सेक्टर 4 के प्रांगण में स्थित साईं झूलेलाल के मंदिर में बड़े ही धूमधाम से वैदिक विधि विधान से पूजा, भजन संध्या व 501 दिए प्रज्वलित करने का निर्णय लिया है । सचिव राजकुमार खटवानी ने कहा कि भगवान श्रीराम के संदेश सबके साथ समान व्यवहार को आत्मसात करना ही मुख्य उद्देश्य होना चाहिए । उपाध्यक्ष द्वय ठाकुर साधवानी व माखीजनी ने कहा कि श्रीराम सुशासन के प्रतीक थे। बैठक में जी आर भाटिया ने कहा कि पूरा देश राममय हो गया है जिसकी कल्पना भाजपा के वरिष्ठ नेता व देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने की थी। सन्तोष मेहरचंदानी ने कहा कि प्रभु राम के जीवन से हम सभी को प्रेरणा मिलती है कि पिता की आज्ञा सर्वोपरि है, मर्यादा, धीरज व सभी के प्रति आदर का भाव हर परिस्थिति में इंसान के मन में होना चाहिए। राकेश नागदेव ने समाज से सभी सदस्यों व सेक्टर 4 के आसपास के निवासियों को निवेदन किया है कि 22 जनवरी को शाम 6 बजे झूलेलाल मंदिर पहुंच कर अविस्मरणीय पलों को हमेशा के लिए आंखो में बसा लें । हरीश आर्य ने समाज के सभी वर्ग से आव्हान किया की रविवार 21 तारीख को मंदिर परिसर की साफ सफाई दोपहर 3 बजे से की जाएगी। रंगोली व लाइटिंग से मंदिर परिसर को सजाया जाएगा। सेवा का लाभ अवश्य लें । कार्यक्रम में मुख्य यजमान जी डी जसवानी, सुरेश रत्नानी, अशोक मूलचंदानी, छबलानी, वाधवानी होंगे । कार्यक्रम के संयोजक संजय होतवानी व मनोहर मलकानी। भजन संध्या, दीप प्रज्वलित व सम्पूर्ण कार्यक्रम की जिम्मेदार कमेटी के सदस्य राम कुमार व हरीश आर्य को दी गई । सिंधी समाज के मुखी अध्यक्ष जय कुमार अंबवानी ने जानकारी दी है कि इसके लिए हर्षोल्लास के साथ तैयारियां शुरू हो गयी हैं।

# एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 17 जनवरी।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 06 फरवरी 2024 से 10 फरवरी तक बोकारो में एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये पंत स्टेडियम, सेक्टर-1, भिलाई के फुटबॉल ग्राउंड में 18 जनवरी 2024 एवं 19 जनवरी 2024 को दोपहर 3.00 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इस चयन स्पर्धा के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जायेगा। अतः इस चयन स्पर्धा में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक खिलाड़ी, उनके बच्चे तथा भिलाई परिधि के युवा बेरोजगार खिलाड़ी भाग ले सकते है। चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु 18 जनवरी 2024 को दोपहर 3.00 बजे से पूर्व पंत स्टेडियम, सेक्टर-1, भिलाई के फुटबॉल ग्राउंड में निम्न चयनकर्ताओं प्रोतिम घोष, मिथलेस सिंह तथा अब्दुल गफ्फार के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी होंगे।

# निषाद समाज को संगठित कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की जरूरत: ललित चंद्राकर




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 17 जनवरी।** समाज को संगठित कर लोगों को आर्थिक स्वास्थ्य शिक्षा व राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ाना समाज के लिए जरूरी है। इसके लिए समाज के सभी लोगों को मिलकर आगे बढ़ाना होगा। समाज को आगे बढ़ाने के लिए आज के युवाओं को आगे आना होगा तभी हम श्रेष्ठ समाज की परिकल्पना कर सकते हैं इसके साथ ही नशा जैसे कुरीति से बचना होगा। समाज में होने वाले छोटे-बड़े कार्यक्रमों में शामिल हो और समाज के द्वारा मिलने वाले दायित्व का पूर्ण मनोयोग के साथ पालन करते हुए समाज के बताए मार्ग पर चलकर एक श्रेष्ठ समाज स्थापित किया जा सकता है।ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की सरकार सभी समाज व वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। सरकार द्वारा शिक्षा के साथ योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। आप इन अवसरों का लाभ उठाकर एक जागरूक समाज के रूप में अपनी पहचान बना सकते हैं। आपके बच्चे अच्छे से पढ़ेंगे, डॉक्टर, इंजीनियर की नौकरी करेंगे तो आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। गरीबी दूर होगी और आप बेहतर तरीके से जीवनयापन कर पाएंगे।ललित चंद्राकर ने निषाद समाज के लोगो का आभार व्यक्त किया एवं चंद्राकर को श्रीफल एवं शाल भेंट कर उसे सम्मानित किया इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीराम निषाद,धनेश निषाद,सरपंच ज्वाला देशमुख, संरक्षक चैतराम पारकर, जगेन्द्र दुबे, श्रवन निषाद, अनिल पारकर, पंच मीना पारकर, पुष्पा पारकर, दिनेश्वरी, शसिलता एवं समस्त निषाद समाज के नागरिक उपस्थित हुए ।

### सुरक्षा पर बच्चों के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई, 16 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में जारी सुरक्षा जागरूकता माह 2024 के अंतर्गत, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा, शालेय छात्र छात्राओं के लिए सुरक्षा थीम पर केंद्रित एक ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनवरी को सुनीति उद्यान सेक्टर 08 में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार उपस्थित थे एवं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रबीर कुमार सरकार विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा की शुरुआत स्वयं अपने घर से करें।

# बीडीएस प्रथम वर्ष के परिणाम में पूरे विश्व विद्यालय में साजा निवासी सौम्या जैन प्रथम रही



**साजा, 17 जनवरी।** संजय कुमार जैन और ज्योति जैन की सुपुत्री सौम्या जैन ने पुरे विश्वविद्यालय में बी . डी . एस प्रथम वर्ष के परिणाम में प्रथम रैंके प्राप्त कर हमारे सांखला परिवार को गौरान्वित किया । (रूंगटा कॉलेज तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मेमोरियल यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड आयुष ) में अध्यनरत है । दादी कस्तूरी जैन , मिथुन जैन वर्षा जैन चाचा चाची शशि जैन मनोज जैन बुआ फुफा जी भाई हिमांशु जैन रितेश जैन सम्यक जैन हार्दिक जैन रोमील जैन ने भी बधाई दी ।

# डायल-112 से लोगों को तत्काल मदद मिले: उपमुख्यमंत्री शर्मा



**रायपुर, 17 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में डायल 112 सुविधा का विस्तार किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज यहां सिविल लाईन स्थित डायल 112 के कंट्रोल रूम में पुलिस के आला अफसरों के साथ इस सुविधा को प्रदेशभर में लागू करने के संबंध में विचार विमर्श किया। बैठक में अधिकारियों ने कंसलटेंट कंपनी द्वारा तैयार किए गए पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से परियोजना के संपूर्ण प्रदेश में प्रस्तावित क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी।

गौरतलब है कि प्रथम चरण में शुरू की गई डायल 112 सुविधा वर्तमान में राजधानी रायपुर सहित 16 जिलों में संचालित की जा रही है। इस सुविधा के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को आकस्मिक तथा विपत्ति की स्थिति में पुलिस, फायर और चिकित्सा संबंधी त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। द्वितीय चरण में इस सुविधा का विस्तार प्रदेश के शेष 17 जिलों में किया जाएगा। इस प्रकार द्वितीय चरण में इस सुविधा के विस्तार के बाद राज्य के सभी 33 जिलों में यह सुविधा लोगों को मिलने लगेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज राजधानी रायपुर के सिविल लाईन स्थित डायल 112 सुविधा के कंट्रोल रूम पहुंचकर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कार्यप्रणाली देखी। उन्होंने अधिकारियों को इस व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और आकस्मिक विपत्ती पड़े लोगों को तत्काल सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर विधायक गुरू खुशवन्त साहेब भी उनके साथ थे। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के संचालन कक्ष के भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री प्रदीप गुप्ता ने बताया कि पुलिस, फायर और चिकित्सा संबंधी आकस्मिक जरूरतों के मद्देनज़र जरूरतमंद नागरिकों द्वारा कॉल करके और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम् से डायल 112 से संपर्क किया जाता है। उन्होंने बताया कि कॉलर द्वारा संपर्क करने पर यह कॉल सी-4 स्थित कॉल टेकर सेक्शन में प्राप्त होती है, संचालन कक्ष में उपस्थित कॉल टेकर के द्वारा कॉलर आवश्यक पूछताछ कर एक इवेंट बनाया जाता है। जिसे तकनीकी भाषा में कॉल फॉर सर्विस कहा जाता है। श्री प्रदीप गुप्ता ने बताया कि कॉल टेकर द्वारा बनाए गए सीएफएस को कंप्लीट करते ही यह इवेंट कम्प्यूटर ऐडेड डिस्पेच प्रणाली के माध्यम् से रियल टाईम में संबंधित जिला के डिस्पेचर स्टॉफ के सिस्टम में दिखाई देती है, जो उस घटनास्थल के नजदीक उपलब्ध इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल को सिस्टम में खोज कर आवश्यकतानुसार एक या एक से अधिक ईआरव्ही को उस इवेंट को अटैंड करने असाइन करता है।

## एक नजर

### फरसगांव थाने के नए थाना प्रभारी होंगे नरेश साहू, एसपी ने किया आदेश जारी



**फरसगांव 17 जनवरी।** कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने 16 जनवरी को प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस विभाग में निरीक्षक, उपनिरीक्षक और सहायक उप निरीक्षक का फ़ेरबदल किया है.जिसमे फरसगांव थाना प्रभारी निरीक्षक विजय वर्मा को रक्षित केंद्र में स्थानांतरण किया गया और उनकी जगह फरसगांव थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक नरेश साहू को थाने में ही थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। अब से नरेश साहू फरसगांव थाना प्रभारी के रूप में काम करेंगे .इसी तरह उपनिरीक्षक गुलाब टंडन को रक्षित केंद्र से थाना कोण्डागाव, उपनिरीक्षक अखिलेश धीवर और अमिताभ खाण्डेकर को थाना कोण्डागांव से रक्षित केंद्र, उपनिरीक्षक हिम्मत लाल कश्यप को रक्षित केंद्र से थाना फरसगांव, सहायक उपनिरीक्षक देवेंद्र नागेश को थाना पुंगारपाल से जोबा केम्प का प्रभारी बनाया गया हैं।

### अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**मोहला 17 जनवरी।** अंगना मा शिक्षण कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड अंबागढ़ चौकी के गोपलिनचुवा जोन में आयोजित किया गया। जिसमें करमतरा, गोपलिनचुवा और तारमटोला के सभी प्राथमिक शाला के संबंधित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अंगना मा शिक्षा के तहत बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने उनकी माताओं का सहयोग लेने के लिए समर्पित किया गया। खेल, कहानियां, विविध गतिविधियों के माध्यम से 3 से 8 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा से जोड़े रखने का यह पूरा कार्यक्रम है। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में श्रीमती सुरेखा साहू, श्रीमती पार्वती मंडावी, सुश्री निकिता साहू ने कार्यक्रम को सफल रूप से संचालित किया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के धीवर, विकासखंड स्रोत समन्वयक एस के पाण्डेय का मार्गदर्शन विशेष रूप से प्राप्त हुआ। साथ ही विकासखंड नोडल मनोज कुमार चंद्रवंशी के साथ खंड मास्टर ट्रेनर श्रीमती नेमा साहू, श्रीमती हेमलता पटेल ने भी प्रशिक्षण में उपस्थिति दी। पूरे प्रशिक्षण में संकुल समन्वयक करमतरा पवन रामटेके, संकुल समन्वयक तारमटोला दिनेश खोब्रागढ़े और संकुल समन्वयक गोपलिनचुवा ईश्वर पटेल द्वारा भलीभांति दिशा निर्देश प्रदान करते हुए प्रशिक्षण को संपन्न कराया गया। उपरोक्त जानकारी संकुल समन्वयक पवन रामटेके, द्वारा दी गई।

### मोदी का 2022 तक हर गरीब को पक्का मकान जुमला निकला: सुरेश सिन्हा



**डोंगरगढ़ 17 जनवरी।** केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में 2014 में सरकार बनने पर सभी को अच्छे दिन, हर खाता में 15 लाख सभी गांव डिजिटल करने का वादा हर गांव तक पक्का रोड 2019 में दूसरी बार सरकार बनने पर 2022 तक सभी को पक्का मकान हर घर जल हर साल 2 करोड़ नौकरी यह सभी जुमला साबित हुआ और कोई काम धरातल पर नहीं उतरा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा है कि मोदी सरकार में केवल केवल शौचालय बना वह भी हितग्राहियों को आज तक 12 हजार नहीं मिल पाया फिर 2024 लोकसभा नजदीक आता देख 2047 में विकसित भारत का सपना दिखाना शुरू कर दी है राजनांदगांव लोकसभा की जनता ने लगातार तीन बार भाजपा सांसद चुनकर देख लिया कुछ नहीं किया गांव में इनका कोई काम नही दिखता इस बार जनता मन बना चुका है इनके बहकावे में नहीं आएंगे और कांग्रेस पार्टी का सांसद चुनेंगे ।

# सेंट पीटर्स कान्वेंट स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 17 जनवरी।** सेंट पीटर्स कान्वेट स्कूल का बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव गत दिनों हर्षिता स्वामी बघेल नवनिर्वाचित विधायक , डोंगरगढ़ के मुख्य आतिथ्य में सपन्न हुआ। कार्यक्रम की विशेष आमंत्रित अतिथि सिस्टर क्लेयर डी.एस.एस. प्रोविंसियल सुपीरियर ऑफ अमल ज्योती प्रोविंस एवं विशेष अतिथि फादर रंजीत कुमार आइंद पैरिश प्रिस्ट सेकरेड हार्ट कैथोलिक चर्च डोंगरगढ़ थे। इस अवसर पर आयोजित वार्षिकोत्सव में आमंत्रित अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये वेलकम डांस के द्वारा अतिथियों एवं दर्शको का स्वागत किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियों दी गयी जिसके अन्तर्गत क्लासिकल नृत्य रिजनल डांस- डॉडिया, आदिवासी, असामी, छत्तीसगढी, पंजाबी, बंगाली नृत्य प्रस्तुत किये गये साथ ही फाईव ऐलीमेन्टस डॉस एवं मदर पेट्रा पर स्किट, महिला अत्याचार पर स्किट, जल संरक्षण पर नृत्य, लूँगी डॉस, कैरोल सॉंग पर नृत्य, एक जिंदगी, मीर शो , कॉमेडी फ्यूजन थीम पर नृत्य अन्य आकर्षक प्रस्तुतियों दी गयी। लगभग तीन हजार दर्शकों के विशाल जन समुदाय के बीच आयोजित वार्षिकोत्सव हर किसी के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसमें 400 से ज्यादा विद्याथियों ने गीत, नृत्य, अभिनय जैसी रोचक कलाओं का प्रदर्शन किया। इस तारतम्य में गणमान्य अतिथियों द्वारा हाल ही में सी.बी. एस. ई द्वारा आयोजित रोप रिकपिंग प्रतियोगिता में सेंट पीटर्स कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेडल और प्रपाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता महाराष्ट्र के नासिक शहर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर हिलारिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगीत पर नृत्य छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समस्त कार्यक्रम की तैयारी विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के द्वारा प्राचार्या सिस्टर हिलारिया के कुशल नेतृत्व एवं उचित मार्गदर्शन में की गयी. जिसके लिये विद्यालय के प्रबंधक ने सभी को सराहा एवं प्रत्येक को बधाई दी ।

## समाचार संक्षेप

### भगवा रंग में रंगा खुज्जी



**डोंगरगांव 17 जनवरी।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे ,भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण देने हेतु खुज्जी के बम्लेश्वरी मन्दिर प्रांगण में स्थित श्री राम मंदिर से 101 कलशो के सांथ निकली अक्षत कलश यात्रा का लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। फटाखे फोड़े गए,और जय श्री राम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा वही यात्रा के सांथ निकले सनातनी युवाओ ने पीले अक्षत देकर,22 जनवरी को अपने अपने घरों आंगन में दीप जलाकर दिवाली मनाकर अयोध्या उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया अक्षत कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### यातायात सुरक्षा माह के तहत लोगों को किया जागरूक



**राजनांदगांव 17 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशानुसार अति.पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती सोनिया उके .के मार्गदर्शन में अभिव्यक्ति कार्यक्रम एवं यातायात सुरक्षा माह 2024 कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 16.01.2024 को महिला प्रकोष्ठ प्रभारी नंदनी ठाकुर व स्टॉफ,प्र.आर डोमेश्वरी साहू रक्षाटीम स्टॉफ प्रआर.पूरन लाल, मआर.रीनू मेश्राम के द्वारा राजनांदगांव शहर के विभिन्न चौक, चौराहों, गार्डन में लोगों की उपस्थिति में महिला अपराध, सायबर सुरक्षा, यातायात नियमों एवं हेलमेट संबधित सुरक्षा व लैंगिक समानता, ऑनलाईन ओटीपी को किसी से शेयर नही करने, नशा से बचने व अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर अभिव्यक्ति ऐप को डाउनलोड कराया गया। यातायात सुरक्षा माह 2024 के तहत लोगो को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करते हुये लोगों को हेलमेट का उपयोग कर रहे लागों को पुष्पगुच्छ देकर प्रोत्साहित किया गया ताकि हेलमेट का प्रयोग कर और भी लोगों का प्रेरित कर सके।



**रायपुर 17 जनवरी।** पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा जी के जनमदिन पर नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं जलील कबीर ने उन्हें बधाई दी।

# गांजा तस्कर चिचोला पुलिस के हत्थे चढ़े

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में दिनांक 15.01.2024 को पाटेकोहरा बेरीयर के पास चेकिंग पाईट लगाकर लगातार गाडियो की चेकिंग की जा रही थी जिस दौरान जरिये मुखबीर के सूचना पर अवैध रूप से उड़ीसा से गुजरात की ओर से ट्रक मे अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करने की सुचना पर संदिग्ध वाहन ट्रक क्रमांक ह्ष्ठ 07، 7815एवं संदिग्ध वाहन ट्रक क्रमांक ह्ष्ठ 19 छ्व 9231 को नाकाबंदी कर रोककर चेक करने पर ड्रायवर द्वारा गोलमोल जवाब देने पर क्रंमशः वाहन चालको एंव साथ मे बैठे व्यक्ति का नाम पता पुछने पर अपना नाम रंजन बेहरा पिता शिवराम बेहरा उम्र 46 वर्ष जाति गोंड साकिन ग्राम भठखोल तहसील हजरीपड़ा थाना बिसपडा जिला कंदामाल उड़िसा एवं ड्राइवर के बगल वाला सीट पर बैठ व्यक्ति अपना सुभाष चंद्र छत्र पिता संतोष छत्र उम्र 28 वर्ष जाति कंवर साकिन फुलवानी तहसील फुलवानी जिला कांदामंल उड़िसा एंव नाम अशोक बेहरा पिता बीरागन बेहरा उम्र 35 वर्ष जाति गोंड साकिन ग्राम तहसील फुलवानी थाना बिसपडा जिला कंदामाल उड़िसा एवं ड्राइवर के बगल वाला सीट पर बैठ व्यक्ति अपना सुजीत कंवर पिता स्व0 राधुनाथ कंवर उम्र 27 वर्ष जाति कंवर साकिन फुलोवन थाना टीकावाली तहसील चक्कापाथ जिला कदमल उड़िसा का रहने वाला बताये वाहन क्रंमाक ह्ष्ठ 07، 7815 एंव वाहन ट्रक क्रंमाक ह्ष्ठ 19 छ्व 9231 के केबिन के तलाशी लेने पर आरोपीगणो के सयुक्त कब्जे से क्रंमशः संदिग्ध मादक पदार्थ का पैकेट छिपाकर रखा गया ।



# सिक्ख समाज के दसवें गुरु गोविंद सिंह की निकली नगर में शोभायात्रा



**राजनांदगांव 17 जनवरी।** धर्म और सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध, संत सिपाही खालसा पंथ के सृजनहार सिख समाज के दसवें गुरू गोविंद सिंह जी के आगमन की 357वीं वर्षगांठ पर सिख समाज द्वारा 15 जनवरी को पंच प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब जी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पटाखे फोड़कर फुलमालाओं शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। गुरुद्वारा परिसर से निकली शोभायात्रा में सिख बैंड बाजे पुष्प वर्षा करती तोप गाडी, अखाडों के करतब दिखाते तथा समाज के युवाओं द्वारा नगर कीर्तन आकर्षक का केन्द्र रहा। शोभायात्रा के लिए विशाल वाहन को विशेष रूप से फुल मालाओं तथा गुरूबाणी उपदेशों से सुज्जित रहा। शोभायात्रा मानव मंदिर चौक पहुंचने पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में शहर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फुलमालाओं से आत्मीय स्वागत कर चरणवंदन किए। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि धर्म और सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध खालसा पंथ के सृजनहार सिंख समाज के दसवें गुरू गोविंद सिंह के आगमन पर शोभायात्रा निकाली गई।

# विवेकानंद जयंती को जिला स्तर पर युवा उत्सव के रूप में मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 17 जनवरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं नेहरू युवा केंद्र राजनादगांव के संयुक्त तत्वाधान में 12 जनवरी को विवेकानंद के जन्म दिवस को जिला स्तर पर युवा उत्सव के रूप में मनाया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी एवं नेहरू युवा केंद्र के धनंजय के नेतृत्व में संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ई .व्ही. रेवती, विशिष्ट अतिथि किरण साहू ,भाजपा जिला महिला मोर्चाअध्यक्ष, जैन कुमार मेश्राम, राजेंद्र जंघेल सरपंच ग्राम पंचायत ढारा समस्त अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में योगदान के बारे में समस्त स्वयंसेवकों को अवगत कराया। अध्यक्षता डॉ. रेवती द्वारा विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी सहायक प्राध्यापक डॉ. आशा चौधरी ,डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ,श्री गुलशन सिन्हा, वेद प्रकाश साहू , नितेश तिरपुरे, सोनाली लोया, सुशील सोनवानी, डॉ. नीता राजपूत, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ. येशुक्रिती हजारे, एवलाल मेश्राम, अनिमा मिंज, पदमा खूंटे, रिचा अग्रवाल, प्रभात बैस, नीलम सिन्हा, अंजली देवांगन, मनीषा भेड़िया, मीनाक्षी साहू सहित दल नायक विक्की रामटेके, दलनायिका वैशाली लाउत्रे, लीना देवांगन, मयूरी सिंह, दीपशिखा, लीलेश्वरी, वीरेंद्र उमाकांत, प्रज्वल गेडाम, रोशन वर्मा, एवं समस्त स्वयंसेवक स्वयंसेविकाये उपस्थित रहें ।

# केन्द्र की योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ:मधुसूदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 16 जनवरी।** केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की नागरिकों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन आज नगर निगम द्वारा लखोली स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में पहुँच चल चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश को सुनाकर विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गयी। लखोली में आयोजित अंतिम शिविर में केन्द्र सरकार की योजना का लाभ लेने उत्सव का मौहोल था। आज के शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव जी थे एवं नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रेखा मेश्राम,छ.ग.उर्दु अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्री अकरम कुरेशी, पूर्व पार्षद श्री भोलाराम मिश्रेकर व सुश्री आभा तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

लखोली स्कूल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने फिता काट कर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलित कर राजगीत के माध्यम से किया, अतिथियों का स्वागत निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपान अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव व अधिकारियों ने किया। स्वागत पश्चात अतिथियों द्वारा सभी स्टालो का अवलोकन कर हितग्राहियो से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का सामान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया तथा अतिथियों ने योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आयुष्मान कार्ड व ई-श्रम कार्ड तथा उज्जवला योजना का गैस चुल्हा का वितरण किया। इसके पूर्व भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने पूर्व सांसद श्री यादव ने संकल्प दिलायी। शिविर में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में देश के हर व्यक्ति को जानकारी देने एवं उसका लाभ देने तथा जिन हितग्राहियों ने योजना का लाभ उठाया है उनका अनुभव साझा करने विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गयी है। उन्होंने कहा कि निगम सीमाक्षेत्र में चार दिनों से यात्रा विभिन्न वार्डो में घुम रही है, जहाँ शिविर के माध्यम से केन्द्र सरकार के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और लोगों में इसके प्रति भारी उत्साह है यह आज लखोली में आयोजित अंतिम शिविर में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को जानकारी देकर हर योजना का लाभ दिया जायेगा एवं नागरिकों को जब हितग्राही मूलक योजना का लाभ मिलेका तभी मोदी जी के 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि शिविर में आये सभी आवेदनों पर सभी विभाग के अधिकारी गंभीरता से क्रियान्वयन करेंगे और योजना का लाभ देगे। डॉ. रेखा मेश्राम व सुश्री आभा तिवारी ने भी अपने उद्बोधन में केन्द्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने सभी वर्ग को लाभ देने का काम किया है, एक तरफ उन्होंने बेटी बचाव बेटी पढ़ाव से बेटियों को प्रोत्साहित किया वही राशन कार्ड में महिलाओं को मुखिया बनाकर उन्हे गैस सिलेन्डर देकर, अन्य योजनाओं का लाभ देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। इसी प्रकार युवाओं के लिये मोदी जी ने कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाया।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आयोजित शिविर में

# कमार जाति के 41 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया

■ कमार जनजाति के लिए 5 बेड आरक्षित करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 17 जनवरी।** आदिवासी विकासखण्ड के श्रृंगीऋषि इंग्लिश स्कूल जंगल पारा में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत् नगरी शिविर आयोजित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मण्डल ने बताया कि शिविर में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति 41 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 19 लोगों को कार्ड वितरण किया गया। इसी तरह 122 बसाहटों में रहने वाले 1721 परिवारों के लगभग 6 हजार 297 लोगों को पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसके तहत् कमार जनजाति वाले ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए गैर संचारी रोगों की रोकथाम जांच और उपचार किया जा रहा है और स्वास्थ्य कार्ड भी दिया जा रहा है। इस कार्ड में व्यक्ति की सम्पूर्ण स्वास्थ्यगत जानकारी जैसे उच्चरक्तचाप, सुगर, कैंसर, सिकलिंग, ह्दय की बीमारी, कॉनिक किडनी की बीमारी आदि इन्द्राज होता है। कलेक्टर सुश्री गांधी के निर्देशानुसार नगरी सिविल अस्पताल में 5 बेड कमार जनजाति के लिए विशेष आरक्षित रहेगा, ताकि इस वर्ग के लोगों को चिकित्सा सुविधा में किसी तरह की परेशानी ना हो। जिला में कमार जनजाति के 6 हजार 297 में से 4 हजार 131 का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। अब तक निःशुल्क 4 हजार 827 कमार जनजाति के लोगों की स्कनिंग में टी.बी. जांच में 2 पॉजिटिव, सिकलिंग जांच में 15 सिकलिंग पॉजिटिव, सर्वाइकल कैंसर 3 सस्पेक्टेड, मुख के कैंसर 41 सस्पेक्टेड, उच्च रक्तचाप की जांच में 224 हायपरटेंशन, सुगर के 192 एवं 1 केश किडनी रोग से संबधित पंजीकृत हुए है, इनका निःशुल्क उपचार जारी है और लगातार शिविर लगाकर इन्हें स्वास्थ्यगत सेवाओं का लाभ दिया जायेगा।

देश की राजनीति में नए समीकरण बनने की हमेशा संभावना रहती है। इसलिए देश के राजनीतिक समीकरण बदलते रहते हैं। कोई दल आज किसी के साथ है तो कल किसी और के साथ हो सकता है। आज किसी के साथ गठबंधन है तो कल किसी और के साथ गठबंधन हो सकता है। राजनीतिक दलों का न कोई समीकरण स्थायी होता है, न ही कोई गठबंधन स्थायी होता है। वक्त की जरूरत व अपने फायदे के लिए राजनीतिक दलों के समीकरण बदलते रहेत हैं। कोई भी राजनीतिक दल हो उसका यही दो टारगेट रहता है कि पहला भाजपा को हराना है, दूसरा अपनी पार्टी को मजबूत करना है। भाजपा को हराना है तो भी कोई दल राज्य में मजबूत है तो वह चाहता है कि भाजपा को हराने के साथ ही राज्य में भी वह मजबूत रहे। राज्य के दल राज्य में तो सरकार चाहते हैं, साथ ही वह केंद्र में भी मजबूत हिस्सेदारी चाहते हैं। इससे उनके आपसी हित टकराते रहते हैं, इससे मोदी को हराने के लिए वह एकजुट नहीं हो पाते हैं। फिलहाल तो इंडी गठबंधन उलझन में है कि भाजपा को हराने को प्राथमिकता दी जाए या राज्य में पार्टी को और मजबूत करन पर दिया जाए। कई महीने हो गए हैं इंडी अलायंस का न तो कोई अध्यक्ष है न ही कोई संयोजक है। चर्चा जरूर है कि श्री खरगे को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव दिया गया है तथा ज्यादातर दल इससे सहमत हैं। वही नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रयास किया गया लेकिन नीतीश कुमार ने इससे इंकार कर विपक्षी एकता की गुत्थी को और उलझा दिया है। यह गुत्थी अभी सुलझी नहीं थी कि बसपा सुप्रीमों मायावती ने यूपी के राजनीतिक समीकरण को विपक्ष के लिए जटिल बना दिया है। मायावती ने एक बार फिर यूपी में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। यह इसलिए चर्चा का विषय बन गया है कि मायावती व कांग्रेस ने बीच में कुछ दिन यूपी में सभी दलों को एकजुट होकर चुनाव लड़ने की बात की थी। कांग्रेस चाहती थी यूपी में सपा,बसपा,रालोद व बसपा को मिलकर

## संपादकीय

# मायावती किसी दल के झांसे में नहीं आई

चुनाव लड़ना चाहिए। मायावती ने भी ऐसे संकेत दिए लेकिन सपा ने बसपा के साथ चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। मायावती भी गठबंधन के साथ आने की कुछ शर्तें रख दी थी। जैसे कांग्रेस बसपा से विधायक तोड़ने के लिए माफी मांगे, मायावती को दलित पीएम का चेहरा घोषित किया जाए। मायावती समझ गई कि कांग्रेस उसकी आड़ में सपा पर दवाब डालक ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, यूपी में सीटों का बंटवारा सपा करना चाहती है,कांग्रेस जानती है कि सपा ने सीटों का बंटवारा किया तो उसे ज्यादा सीटे नहीं मिलेंगी। वह बसपा को साथ लेकर यह तय करना चाहती थी सीटों की फैसला चारों दल मिलकर करें। ऐसा होता तो कांग्रेस को ज्यादा सीटें मिलती। बसपा ने भी कांग्रेस की मजबूरी को देखते हुए ऐसी शर्ते रखी दी कि कांग्रेस के लिए मानना मुश्किल था। बसपा की शर्त कांग्रेस को मंजूर नहीं थी और सपा बसपा को राजनीति की मुख्य धारा में नहीं आने देना चाहती इसलिए यूपी में राजनीतिक समीकरण वही बना हुआ जिसमें सपा की मर्जी की चलेगी। सपा चाहती भी यही है कि जिस तरह ममता पं. बंगाल में अपनी मर्जी चलाना चाहती है, इसी तरह अखिलोश चाहते हैं कि यूपी में सपा की मर्जी चलनी चाहिए। पं. बंगाल मे ममता की मर्जी चले तो वह ज्यादा सीट जीत भी सकती है, इससे इंडी गठबंधन को कोई ज्यादा नुकसान नहीं होने वाला क्योंकि इंडी गठबंधन की सीटें तो यहां से कम नहीं होंगी। यूपी का मामला पं. बंगाल से अलग है। यूपी में भाजपा को अकेले सपा हरा नहीं सकती लेकिन वह चाहती है कि वह ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी दल चाहते हैं कि यूपी में भाजपा को हराना जरूरी है इसलिए सभी दलों को राजनीतिक नुकसान उठाकर भी मिल जुलकर चुनाव लडना चाहिए। यूपी में आमने सामने का मुकाबला होगा तो ही भाजपा को हराया जा सकता है। आमने सामने का मुकाबला तब हो सकता है जब सपा चाहे। सपा यहां दूसरे नंबर की पार्टी है। वह अपना यह स्थान खोना नहीं चाहती है। वहीं बसपा व कांग्रेस चाहते हैं कि उनकी स्थिति भी यूपी मजबूत होनी चाहिए. उनकी स्थिति मजबूत होगी तब ही तो वह सीटों के तालमेल में अपना पक्ष मजबूती से रख सकेंगे। मायावती यूपी में अकेले चुनाव लड़ती है तो इससे मायावती को भले ही फायदा न हो लेकिन कांग्रेस व सपा को नुकसान होगा तथा इसका पूरा फायदा भाजपा को होगा। मायवाती ने सारे दलों पर दबाव बढ़ा दिया है, वह क्या करते हैं,देखने वाली बात है।

# सुनियोजित नफरत की परिणति है साधुओं पर हमले!

## चर्चित मुद्दा

**मनोज कुमार अग्रवाल**



बंगाल में पालघर जैसी घटना सामने आने के बाद बवाल मच गया है। हाल ही में यहां भारी भीड़ ने यूपी के 3 साधुओं को बच्चा चोर समझकर बेरहमी से पीटा है. इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत लिया है. वहीं भाजपा ने ममता सरकार पर जमकर हमला बोला है. यह मामला पुरुलिया जिले का बताया जा रहा है. सोशल मीडिया पर इसका 30 सेकंड का वीडियो भी वायरल हो रहा है. फिलहाल तृणमूल कांग्रेस ने चुप्पी साध रखी है वहीं भाजपा ने ममता सरकार पर जमकर हमला बोला है. यह मामला पुरुलिया जिले का बताया जा रहा है. सोशल मीडिया पर इसका 30 सेकंड का वीडियो भी वायरल हो रहा है।वायरल फुटेज में कथित तौर पर साधुओं को एक भीड़ द्वारा निर्वस्त्र करते और उन पर हमला करते देखा जा सकता है।

भाजपा का दावा है कि मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं को सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े अपराधियों ने निर्वस्त्र कर पीटा है।भारतीय जनता पार्टी के आइटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ÷पश्चिम बंगाल में हिंदू होना अपराध है. ममता बनर्जी के शासन में, शाहजहां शेख जैसे आतंकवादी को राज्य संरक्षण मिलता है और साधुओं की हत्या की जा रही है। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं पर एक भीड़ द्वारा इस संदेह में हमला किए जाने का एक कथित वीडियो सामने आया है कि वे साधु के 'भेष में अपहरणकर्ता' थे। इसको लेकर राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाया।

इस बीच, टीएमसी ने भाजपा पर घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया।पुरुलिया पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह घटना गलतफहमी के कारण हुई।

उसने कहा, ''पुरुलिया में हाल की एक घटना तीन स्थानीय नाबालिग लड़कियों के साथ गंगासागर जाने वाले तीन साधुओं के बीच भाषा की दिक्कत के चलते गलतफहमी हो गई थी।'लड़कियां डर गईं और स्थानीय लोगों ने साधुओं के साथ मारपीट की, उनके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया और अपहरण के प्रयास का आरोप लगाया। स्थानीय पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और साधुओं को बचाया।'

पुलिस ने कहा कि इस संबंध में एक विशेष मामले के आधार पर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उसने कहा, ''साधुओं को हर संभव सहायता प्रदान की गई। घटना के संबंध में किसी भी तरह का सांप्रदायिक रंग नहीं है। सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति से कानून के मुताबिक सख्ती से निपटा जाएगा।'पुरुलिया पुलिस की पोस्ट को टीएमसी मीडिया प्रकोष्ठ द्वारा भी प्रसारित किया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने घटना पर प्रतिक्रिया जताते हुए पश्चिम बंगाल में 'तुष्टिकरण की राजनीति' पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार कुछ नहीं कर रही है... तुष्टिकरण की राजनीति पश्चिम बंगाल को कहां ले जा रही है? यह हिंदू विरोधी विचार प्रक्रिया क्यों बनाई जा रही है?''

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के शासन में राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है।प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा और दावा किया कि साधुओं पर 'हमले' के पीछे रहे लोग सत्तारूढ़ दल से जुड़े थे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पुरुलिया से चौंकाने वाली घटना, गंगासागर जा रहे साधुओं को टीएमसी से जुड़े अपराधियों ने निर्वस्त्र करके पीटा, जिसने पालघर घटना की याद ताजा कर दी। ममता बनर्जी के शासन में शाहजहां जैसे आतंकवादी को सरकारी संरक्षण मिलता है जबकि साधुओं को हिंसा का सामना करना पड़ता है। पश्चिम बंगाल में हिंदू होना एक अपराध है।''



मजूमदार ने कहा कि उन्होंने साधुओं से संपर्क किया है और गंगासागर मेले में उनकी सुरक्षित यात्रा का आश्वासन दिया है।इस बीच, टीएमसी ने भाजपा के आरोपों को 'निराधार' करार दिया और भाजपा पर घटना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास करने का आरोप लगाया।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में साधुओं पर हमले के मामले पर ममता बनर्जी सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि? जब पूरा देश रामभक्ति में सराबोर है, ऐसे में इन लोगों को भगवा कलर से क्या दिक्कत है?

आपको बता दें कि इस से पहले साधुओं की नृशंस हत्या के कई मामले सामने आ चुके हैं इन में हर बार हिन्दू साधुओं पर बच्चा चोरी के प्रयास या इसी तरह का कोई अन्य संगीन आरोप लगाकर जानलेवा हमला किया गया है। एक बेहद निर्ममता व क्रूरता भरी वारदात 16 अप्रैल, 2020 को घटित हुई थी। महाराष्ट्र के पालघर जिले में कुछ असामाजिक लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर बच्चों चोर समझकर दो साधुओं की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। साधु सूरत में एक अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे, तभी पालघर के एक आदिवासी गांव गढ़चिंचल में ग्रामीणों के एक समूह ने उनके वाहन को रोका और उन पर पत्थरों, लकड़ियों और कुल्हाड़ियों से हमला किया. घटना के संबंध में 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 16 अप्रैल 2020, जूना अखाड़ा के दो संतों को हिंसक भीड़ ने अपना निशाना बनाया और पालघर में उनकी लिंचिंग कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। मृतकों की पहचान 70 साल के कल्पवृक्ष गिरि महाराज और 35 साल के सुशील गिरी महाराज के रूप में हुई। उनके साथ हिंसक भीड़ ने उनके ड्राइवर को भी मौत के घाट उतारा।मामले के तूल पकड़ने पर उनके ऊपर तरह तरह के इल्जाम लगाए गए। हालाँकि बाद में जब वीडियो आई तब इस हकीकत का खुलासा कि आखिर कैसे पुलिस की मौजूदगी में हिंसक भीड़ ने बेरहमी ने संतों को मारा। इस पूरे मामले की जाँच में यह भी खुलासा हुआ था कि यह हत्या जानबूझकर की गई और इससे कई राजनैतिक कोण भी जुड़े हुए थे। यह भी अंदाजा लगाया गया कि एनसीपी की शह पर ईसाई मिशनरियों ने इस घटना को अंजाम दिलवाया।

एक अन्य मामले में महाराष्ट्र के नांदेड़ में दो साधुओं की हत्या हुई। पीड़ितों की पहचान बाल ब्रह्मचारी शिवाचार्य महाराज गुरु और भगवान शिंदे के रूप में हुई। साधुओं को शव घर के बाथरूम से बरामद हुआ। पुलिस रिपोर्ट ने बताया कि कम से कम दो आरोपित चोरी करने के लिए घर में घुसे और जब साधुओं से उनका आमना-सामना हुआ तो चार्जिंग केबल से उनका गला घोंट दिया। इसके बाद आरोपितों ने 69,000 रुपए लूटे, लैपटॉप चोरी किया और बाकी वस्तुएँ भी नहीं छोड़ीं। कुल मिलाकर साधु के कमरे से 1,50,000 रुपए गायब थे। पुलिस ने इस संबंध में साईनाथ सिंघाड़े को गिरफ्तार किया था सवाल यह है कि आए दिन साधुओं को हिंसा का शिकार क्यों बनाया जा रहा है क्या इस के पीछे सांप्रदायिक घृणा और नफरत काम कर रही है? क्या इस तरह के हमलावरों को कुछ राजनीतिक दल विशेष का संरक्षण प्राप्त है जो अपने राजनीतिक स्वार्थ की खातिर साधुओं के हमलावरों का बचाव व हमलावरों का तुष्टिकरण करते हैं। इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर इन वारदातों के पीछे छिपी नफरत व आक्रामकता को बढ़ावा देने वाले लोगों की साजिश का पर्दाफाश किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। ताकि धर्म-परायण देश के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर समाज को नर नारायण की एकरूपता व सत्य दया दान करुणा सेवा व परोपकार की प्रेरणा देने के अपने कर्म को अंजाम देते रहें

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों को खुश रखेगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा, जिससे आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज अपने परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। बच्चे आज घर पर खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलकर आपको अपनी कई समस्याओं का हल मिल जाएगा। जीवनसाथी आज आपके ऊपर ख़ास ध्यान देंगे और आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी भी पुरानी बातों में न उलझें। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं उनके लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आपकी रूचि सामाजिक गतिविधियों में ज्यादा रहेगी। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो बिजनेस में आपको लाभ दिलायेगा। आज आपका व्यक्तित्व लोगों को आपकी तरफ आकर्षित कर सकता है। ऑफिस के किसी कार्य को पूरा करने में जल्दबाजी न करें। दाम्पत्य जीवन में नयी-नयी खुशियां आएगी। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज आप नया घर लेने का विचार करेंगे। परिवार वालों से इस पर विचार विमर्श करेंगे। बच्चे आज आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे। दिन को ख़ास बनाने के लिए स्नेह और उदारता के छोटे-छोटे तोहफ़े लोगों को दें। समय का सदुपयोग करना सीखें। आज आप कुछ रचनात्मक करने की कोशिश करें। ड्राईफ्रूट्स का बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा, बिजनेस को और आगे बढ़ाने का प्लान बनायेंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन खुशनुमा बना देगा। जो लोग अपने करीबियों या रिश्तेदारों के साथ मिलकर बिजनेस कर रहे हैं उन्हें आपस में ताल-मेल बैठकर काम करने की जरुरत है। अपना समय और ऊर्जा दूसरों की मदद करने में लगाएं, लेकिन ऐसे मामलों में पड़ने से बचें जिनसे आपका कोई लेना-देना नहीं है। जीवनसाथी के साथ हंसते खिलखिलाते, हर पल का आनंद लेते हुए आप अच्छा महसूस करेंगे। आज आप बिजनेस को नई दिशा देने के बारे में विचार करेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भी लेंगे।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। ज़िंदगी का भरपूर लुत्फ़ उठाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को क़ाबू में रखें। योग का सहारा लेंगे, जो आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखकर दिल और दिमाग़ को बेहतर बनाता है। आज किसी महिला की मदद से आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज आपको अपनी सोच सकारात्मक रखकर कार्य करने की जरुरत है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी जानकर की मदद से जॉब मिलेगी। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे, एक दूसरे को उपहार भी देंगे।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। घर के जरूरतों को आज नजरंदाज न करें। आपके परिवार को आपसे बहुत ज़्यादा उम्मीदें हैं, जिसके चलते आपको थोड़ी और मेहनत करने की आवश्यकता है। आज लवमेट आज एक-दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे, जिससे रिश्ते में और मधुरता आयेगी। आज आपको जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आज आप किसी करीबी रिश्तेदार से देर तक फोन पर बात कर सकते हैं और अपने जीवन में चल रही बातों को शेयर करेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। आज आप घर के सजावट का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे। दफ़्तर के कामकाज में ज़्यादा व्यस्तता के चलते आज आप घर देर से पहुंचेंगे। आज कोई व्यक्ति आपकी बातों को सुनने से ज्यादा अपनी बातें कहना पसंद करेगा। आज आप अपने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। घर के बड़े-बुजुर्गों से आपकी अच्छी बातचीत होगी। कुछ नयी जानकारी मिलेगी जो आपके लिए कारगर साबित होगी।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में प्राप्त हुआ धन आप दुबारा अपने बिजनेस में ही लगायेंगे। किसी आवश्यक कार्य में आप भाई-बहन से सलाह लेंगे। आज जीवनसाथी के साथ समय बिताने से रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज परिवार के साथ आप घूमने जा सकते है। किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। लवमेट के व्यवहार में आये पोजिटिव बदलाव से आपको प्रसन्नता होगी। वकालत कर रहे छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। अचानक आए खर्चे आपको थोड़े उलझन में डाल सकते है, लेकिन आप जल्द ही सब नियंत्रण में कर लेंगे। आज आपके रूखे बर्ताव के कारण कोई आपकी बातों से असहमत हो सकता है। आज के दिन आप अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर करें। इससे आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। आज कार्यस्थल पर आपके जोशीले अंदाज से आपके सहकर्मी आपसे प्रभावित होंगे। बॉस आपके कार्यों की तारीफ करेंगे।

मकर राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका कोई पड़ोसी आपसे मदद मांग सकता है। घर की समस्याओं को समझने के लिए आज घर के किसी वरिष्ठ शख्स के साथ आप वक्त गुजार सकते हैं। आज का दिन अपने व्यक्तित्व को निखारने में लगा सकते हैं। छात्र आज कॉलेज द्वारा मिले प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल होंगे। ग्रेजुएशन पूरा कर चुके छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का फॉर्म भरेंगे, साथ ही उसकी तैयारी भी शुरू कर देंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। पहले किया गया निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। आज आप आर्थिक मामलों को ज़रूरत से ज़्यादा गंभीरता से लेंगे और उसे दूर करने के लिए कोई विचार करेंगे। आज आप अपने दोस्त के साथ कहीं घूमने का प्लान करेंगे। आज कुछ नया और सृजनात्मक करने के लिए अच्छा दिन है। आज जीवनसाथी आपसे किसी कार्य को पूरा करने के लिए सलाह लेंगे, आपकी सलाह कारगर साबित होगी। आज घर पर परिवार के साथ आप अलग-अलग पकवानों का आनंद लेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके आस- पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व आपके काम को सराहेंगे। घर पर कोशिश करें कि आपका व्यवहार ज्यादा गुस्से वाला न हो, गुस्से पर नियंत्रण रखे, पारिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा । कुछ लोगों से मिलाना आपके जीवन में नयापन लाएगा और आपको खुशमिज़ाज रखेगा। घर पर मिले किसी पुराने सामान को देखकर आज आप खुश हो सकते हैं । मित्र से आज आपको कुछ अनोखा उपहार मिल सकता है।

## व्यंग्य

# गजब बॉलीवुड

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

बॉलीवुड हमेशा अपने अति-उत्साही नाटक, असाधारण नृत्य दृश्यों और जीवन से बड़े पात्रों के लिए जाना जाता है। उद्योग ने कुछ प्रतिष्ठित फिल्में बनाई हैं जिन्होंने दशकों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन सबके बावजूद बॉलीवुड से जुड़ी कुछ मज़ेदार बातें कुछ इस तरह हैं कथानक- बॉलीवुड फिल्मों में सबसे आम ट्रॉप्स में से एक क्लासिक प्रेम कहानी है। एक विशिष्ट कथानक में एक गरीब लड़के का एक अमीर लड़की के प्यार में पड़ना और सच्चे प्यार की तलाश में उनके सामने आने वाली बाधाएँ शामिल हो सकती हैं। यह अक्सर नाटकीय गलतफहमियों, पारिवारिक झगड़ों और अत्यधिक भावनाओं की एक श्रृंखला को जन्म देता है। एक अन्य लोकप्रिय कहानी बदला लेने की गाथा है, जहां नायक किसी प्रियजन की हत्या का बदला लेने के लिए अक्सर अपमानजनक स्टंट और एक्शन दृश्यों का सहारा लेता है। कथानक अक्सर इतना जटिल हो जाता है कि यह पता लगाना कठिन हो जाता है कि कौन किसका बदला ले रहा है। ऐसी ÷खोई और पाई÷ कहानियां भी हैं, जहां नायक बचपन में अपने परिवार से अलग हो जाता है, लेकिन कई अविश्वसनीय संयोगों के बाद वर्षों बाद उनके साथ फिर से जुड़ता है। इन कहानियों में अक्सर अच्छे उपाय के लिए भूलने की बीमारी का सबप्लॉट शामिल होता है।



पात्र- बॉलीवुड फिल्में अपने बड़े-से-बड़े किरदारों के लिए जानी जाती हैं, जो अक्सर भावनाओं की अतिरंजित श्रृंखला प्रदर्शित करते हैं। नायक को अक्सर एक आदर्श व्यक्ति के रूप में चित्रित किया जाता है - मजबूत, बहादुर और न्याय के लिए लड़ने के लिए हमेशा तैयार। उन्हें अपने बेदाग सिक्स-पैक एब्स को बनाए रखते हुए, खूबसूरती से नायिका के साथ नृत्य और रोमांस करते हुए भी देखा जा सकता है। दूसरी ओर, नायिका को आम तौर पर अनुग्रह और सुंदरता के प्रतीक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसमें बारिश में नृत्य करने और नाटकीय मोनोलॉग देने की प्रवृत्ति होती है। वह अक्सर संकट में पड़ी एक लड़की का प्रतीक है, जो नायक द्वारा बचाव का इंतजार कर रही होती है। बॉलीवुड फिल्मों में खलनायकों को उनकी नापाक योजनाओं और शैतानी हंसी के साथ समान रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। उनके पास अक्सर गुर्गों की एक सेना होती है, जिनमें से सभी को गुरुत्वाकर्षण-विरोधी लड़ाई दृश्यों की एक श्रृंखला में नायक द्वारा आसानी से हरा दिया जाता है।

गाने और डांस नंबर- कोई भी बॉलीवुड फिल्म गीत और नृत्य दृश्यों की श्रृंखला के बिना पूरी नहीं होती। ये संगीतमय अंतराल अक्सर कथानक से पूरी तरह से असंबंधित होते हैं और अभिनेताओं के नृत्य कौशल के साथ-साथ उन विदेशी स्थानों को प्रदर्शित करने का काम करते हैं जहां फिल्म की शूटिंग की गई थी। इन गानों के बोल अक्सर बेतुके होते हैं, जैसे ÷मेरा दिल बारिश में भट्टी पर आलू की तरह जल रहा है÷ और ÷चलो प्यार की रसोई में डिस्को करते हैं÷। डांस मूव्स समान रूप से अति-उत्कृष्ट हैं, जिसमें अभिनेता अपने सही बाल और मेकअप को बनाए रखते हुए, गुरुत्वाकर्षण-विरोधी स्टंट और जटिल कोरियोग्राफी का प्रदर्शन करते हैं।

फैशनः जब फैशन की बात आती है तो बॉलीवुड फिल्में आंखों को दावत देती हैं। पात्रों को अक्सर सबसे असाधारण और भड़कीले परिधान पहने देखा जाता है, जिसमें प्रचुर मात्रा में सेक्विन, पंख और चमक होती है। वेशभूषा अक्सर विभिन्न युगों और संस्कृतियों का मिश्रण होती है, जिसमें पात्र पलक झपकते ही पारंपरिक भारतीय पोशाक से पश्चिमी डिजाइनर लेबल पर आसानी से स्विच कर लेते हैं।

स्पेशल इफ़ेक्ट्स- बॉलीवुड में जीवन से भी बड़े एक्शन दृश्यों को बनाने के लिए प्राथमिक विशेष प्रभावों का उपयोग करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा है। हवा में उड़ने वाली कारों से लेकर विस्फोटों के सामने बिना कटे बालों के दौड़ने वाले नायकों तक, बॉलीवुड फिल्मों में विशेष प्रभाव अक्सर अनजाने में प्रफुल्लित करने वाले होते हैं। बॉलीवुड फिल्मों की अक्सर अनजाने में बेतुकी और अति-उत्साही प्रकृति के बावजूद, भारत और दुनिया भर में उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। दर्शक मेलोड्रामा, विचित्र कथानक और गीत तथा नृत्य दृश्यों की संक्रामक ऊर्जा की ओर आकर्षित होते हैं।

बॉलीवुड फिल्मों के कई प्रशंसक उनकी खामियों से पूरी तरह वाकिफ हैं और व्यंग्य की स्वस्थ खुराक के साथ उनका आनंद लेते हैं। वे फ़िल्मों के आकर्षक आकर्षण की सराहना करते हैं और उनके अधिक हास्यास्पद पहलुओं का मज़ाक उड़ाने का आनंद लेते हैं। बॉलीवुड ने कॉमेडी की एक शैली को भी प्रेरित किया है जिसे ÷बॉलीवुड पैरोडी÷ कहा जाता है, जहां फिल्म निर्माता और हास्य कलाकार प्यार से उद्योग की विचित्रताओं का मजाक उड़ाते हैं। बॉलीवुड फिल्में अपने विचित्र कथानक, अति-शीर्ष चरित्रों और भड़कीले फैशन के साथ व्यंग्य और विडंबना के लिए तैयार हैं। अपनी खामियों के बावजूद, इन फिल्मों में एक अनोखा आकर्षण है और ये दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन करती रहती हैं। तो, आइए आराम से बैठें, कुछ पॉपकॉर्न लें, और बॉलीवुड के तमाशे का आनंद लें!

## चिंतन

**निर्मल रानी**

# धर्म-अध्यात्म व परम्परा को चुनौती देती स्वार्थपूर्ण राजनीति



श्री राम जन्मभूमि मंदिर,अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा ' समारोह 22 जनवरी को होना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन तथा भारतीय जनता पार्टी व उसकी केंद्र व राज्य की सरकारें इस आयोजन को न केवल राष्ट्रीय अपितु अभूतपूर्व व भव्य बनाने के लिये दिन रात काम कर रही हैं। इस आयोजन में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये 15 सदस्यीय ट्रस्ट, विशेषकर इस ट्रस्ट के भी निर्णय लेने की क्षमता रखने वाले कुछ गिने चुने मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सक्रिय हैं या फिर स्वयं प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री कार्यालय इस आयोजन की सीधी निगरानी कर रहा है। इस आयोजन में अरबों रुपये ख़र्च होने का अनुमान है। उधर 'धार्मिक अनुष्ठान' कहे जाने वाले इस पूरे आयोजन में हमारे देश के चार प्रमुख शंकराचार्यों इस ऐतिहासिक व धार्मिक आयोजन पर अपनी असहमति दर्ज कराते हुये इसमें शामिल न होने का निर्णय लिया है। वैसे तो ओडिशा के पुरी में गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती,गुजरात में द्वारकाधाम में शारदा मठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती,उत्तराखंड के बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ,के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तथा दक्षिण भारत के रामेश्वरम् में श्रृंगेरी मठ,के शंकराचार्य जगद्गुरु भारती तीर्थ सभी शंकराचार्यों ने सार्वजनिक तौर पर अपनी अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुये इसके कई अलग अलग कारण बताये हैं। परन्तु इनमें सबसे महत्वपूर्ण व विस्तृत साक्षात्कार बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ,के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा सुप्रतिष्ठित पत्रकार करण थापर को दिया गया।

क़ाबिले ग़ौर है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन व भारतीय जनता पार्टी राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के दौरान प्रायः कुंभ मेलों के दौरान या अन्य अवसरों पर देश के साधु संतों द्वारा आयोजित विशाल धर्म संसद को अपने मंदिर आंदोलन का न केवल अगुआकार बल्कि मंदिर निर्माण व आंदोलन सम्बन्धी सभी निर्णय लेने वाला संगठन बताती थी।मंदिर आंदोलन के दौरान अक्सर यह सुनाई देता था कि मंदिर या आंदोलन सम्बन्धी फ़ैसले संत समाज ही करेगा। परन्तु नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद तो गोया भाजपा व संघ ही न केवल देश बल्कि धर्म सम्बन्धी भी निर्णय अपनी इच्छा व राजनैतिक नफ़ेनुक़्सान के अनुसार लेने लगा। यहाँ तक कि चारों शंकराचार्यों के अनुसार संतों से हिन्दू धर्म के सबसे प्रमुख आराध्य भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्बन्धी किसी भी तरह की परिचर्चा करना तक मुनासिब नहीं समझा गया ? और जब इन्हीं शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के समय को लेकर और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किये जाने को लेकर तमाम सवाल खड़े किये तो 'पेशेवर ट्रोलर्स ' व 'दरबारी मीडिया ' द्वारा इन्हीं सम्मानित शंकराचार्यों पर तरह तरह के लांछन लगाये जाने लगे ? यहाँ तक कि भगवान राम को लेकर संतों के सम्प्रदाय तक पर बहस छेड़ दी गयी? उनकी कारगुज़ारियों पर सवाल खड़े होने लगे ? उन्हें कांग्रेसी बताया जाने लगा ? यहां तक कि चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों के जवाब में फ़र्ज़ी शंकराचार्य व पीठाधीश्वर तक बयानबाज़ी के लिये उतार दिए गये ? किसी के पास शंकराचार्यों के इस सवाल का जवाब नहीं कि अधूरे मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कैसे हो सकती है ? शंकराचार्यों के अनुसार केवल मंदिर का गर्भगृह तैय्यार होने मात्र पर ही मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा बिल्कुल नहीं की जा सकती।

ज्योतिर्मठ,के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तो 22 जनवरी की तिथि का मुहूर्त निकालने को ही चुनौती देते हुये कहते हैं कि देश में जितने भी पंचांग प्रकाशित होते हैं जिनमें पूरे वर्ष के शुभ मुहूर्त का उल्लेख होता है उनमें किसी ने भी 22 जनवरी की तिथि को विशिष्ट मुहूर्त के रूप में प्रकाशित नहीं किया है। उन्होंने यह भी बताया की काशी के एक प्रतिष्ठित ज्योतिषी से यह कहा गया कि जनवरी माह में ही कोई शुभ मुहूर्त देखकर तिथि बतायें लिहाज़ा ज्योतिषी जी ने 'आज्ञा पालन ' किया। अब सवाल यह है कि मंदिर भी अधूरा , शुभ मुहूर्त भी ऐसा नहीं जिसे कहा जाये कि यह पांच सदियों से प्रतीक्षारत भगवन राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अति विशिष्ट मुहूर्त हो ? फिर आख़िर यह आयोजन पूर्णतः राजनैतिक आयोजन नहीं तो इसे क्या कहा जाये ? और जब शंकराचार्य जिन्हें बुलाया गया वे जा नहीं रहे और कुछ को बुलाया ही नहीं गया ,कोई कह रहे हम ताली बजाने के लिए नहीं जायेंगे , ऐसे में कांग्रेस,सोनिया गाँधी,खड़गे,अखिलेश या कम्युनिस्टों अथवा अन्य नेताओं के पीछे पड़ना या उन्हें राम विरोधी बताकर बिकाऊ मीडिया के हाथों उनके विरुद्ध मीडिया ट्रायल छेड़ना यह आख़िर कैसा लोकतंत्र कैसी राजनीति तो कैसा धर्म ?



भगवान राम के मंदिर का आयोजन वास्तव में ऐसा होना चाहिये कि न केवल सभी साधु संत बल्कि सभी धर्मों व समुदायों के लोग,सभी राजनैतिक व सामाजिक दलों के लोग भी ख़ुशी ख़ुशी इस पावन क्षण के साक्षी बनें उसके भागीदार बनें। बजाये इसके बहुमत के नशे में मदमस्त वर्तमान सत्ता ने इस ऐतिहासिक अवसर पर शंकराचार्यों तक को आदर सम्मान व अहमियत कुछ भी नहीं दिया। यदि राजनीति के चाणक्य इस बात पर ख़ुश होंगे कि इतिहास में यह लिखा जायेगा कि 'राम लला को कौन लाया था ' तो उसी इतिहास में साथ ही यह भी दर्ज होगा कि सत्ता के अहंकार व स्वार्थपूर्ण राजनैतिक परिस्थितियों में ही जब रामलला विराजमान हो रहे थे तो उनका भवन ( मंदिर ) अधूरा था। और यह भी कि उनके आगमन के समय फ़िल्मी दुनिया के लोग,उद्योगपति,खिलाड़ी,नेता आदि तो उपस्थित थे परन्तु चारों शंकराचार्य विरोध स्वरूप अनुपस्थित थे। और यह भी कि अनेक राजनैतिक सामाजिक दलों ने इस आयोजन का बहिष्कार केवल इसलिए किया था कि इस धार्मिक आयोजन को पूरी तरह 'राजनैतिक आयोजन ' बना दिया गया था। स्वयं शंकराचार्यों का अनुमान है कि अभी मंदिर को पूर्ण रूप से तैयार होने में एक वर्ष और लग सकता है। और यह भी कि भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिये रामनवमी से अच्छा दिन व मुहूर्त और कौन सा हो सकता है ? परन्तु शंकराचार्यों की किसी आपत्ति या सुझाव पर विचार करने वाला कोई नहीं। उसके बाद भी 'राम राज ' स्थापना के दावे हास्यास्पद नहीं तो और क्या? इस तरह की सत्तापरक व स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य में धर्म,धर्माचार्यों,अध्यात्म व परम्पराओं को चुनौती भी दे सकती है।

# अवैध धान परिवहन रोकने अधिकारी-कर्मचारी को कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सुकमा, 17 जनवरी।** जिले में नवनिर्मित आंगनबाड़ियों में विद्युतीकरण कर शीघ्र हस्तातरित करने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस. एस ने मंलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। बैठक में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित जिले में संचालित ग्रामीण एवं नगरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा विस्तार से समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और आयुष्मान कार्ड सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने नवीन पीडीएस भवनों के संचालन हेतु संबंधित ग्रामों में स्व सहायता समूह का गठन कर उचित मूल्य दूकानों का संचालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सेंदुरगुड़ा में नवीन पीडीएस दुकान खोलने हेतु निर्देश दिए। ओडिएफ प्लस के तहत व्यक्तिगत सोक पीट एवं सामुदायिक के लिए रिचार्ज पीट निर्माण के संबंध में और तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री डीएन कश्यप, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, डीएसपी श्रीमती पारूल खण्डेलवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण




उपस्थित थे। पीडीएस वितरण की नियमित रूप से करें एट्री - कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु आधार कार्ड आवश्यक हो गया है। जगरगुंडा, चितलनार, दोरनापाल ,किस्टाराम जैसे अंदरूनी क्षेत्रों में प्राथमिकता देकर हितग्राहियों के संबंधित पीडीएस की दुकानों में ईकेवाईसी कराने के निर्देश दिए। साथ ही पीडीएस दुकानों में वितरण सामग्री की जानकारी की नियमित रूप से ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए। एलमागुण्डा में होगा सुविधा शिविर- लोगों को मूलभूत सुविधाएं गांव में ही पहुचाने के लिए एलमागुण्डा में 01 फरवरी से होगा सुविधा शिविर का आयोजन। इसके लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश और कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर का लाभ लेने हेतु पंचायत विभाग सहित जानकारी देना सुनिश्चित करने को कहा।

सघन जांच करने के दिए निर्देश - जिले में चल रही धान खरीदी को लेकर कलेक्टर ने अंतरराज्यीय से परिवहन हो रही अवैध धान को रोकन हेतु सघन रूप से जांच के साथ ही नोडल आफिसर सतर्क रहें, नियमित रूप से केंद्र जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोडरीपाल, गुडरा और पुसपाल चेकपोस्ट में निगरानी तेज करने को कहा। इसके अलावा रकबा समर्पण कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसमें समर्पण कार्य में छिंदगढ़ एवं सुकमा ब्लाक में तेजी लाने के साथ ही अधिक से अधिक कृषकों का समर्पण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान धान उर्पाजन केंद्रों में टोकन एवम् धान उठाव के संबंध ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्रों में क्रेडल की व्यवस्था करें सुनिश्चित- सीएमएचओ डॉ. महेश साडिल्य को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में क्रेडल रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के छिंदगढ़ और कोंटा ब्लॉक में मंशानुरूप स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की।

कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश- शासन की योजनओं का आकांक्षी ब्लॉक कोंटा में मंशानुरूप काम नही होने पर जनपद सीईओ कोंटा को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले में हुए स्कूल जनत योजना के तहत कार्य पूर्ण होने पर एमबी समय-सीमा में नहीं देने पर बीईओ, बीआरसी और संबंधित इंजीरियर्स को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप कोर कमेटी की बैठक में हुई चर्चा

**सुकमा, 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री डीएन कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक गई। आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' चलाने की बात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री डीएन कश्यप आयोजित स्वीप कोर कमेटी की बैठक में कही। बैठक में मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित और जागरूक करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्य योजनाओं पर चर्चा कि गई। श्री कश्यप ने लक्षित समूहों पर आधारित ग्राम पंचायत स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर स्वीप गतिविधियाँ आयोजित करने के संबंध में रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा, उप संचालक समाज कल्याण एवं सहायक नोडल स्वीप श्री संजय पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया सहित कोर कमेटी के सदस्यगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र में रबी फसल का किया अवलोकन



**सुकमा,17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री हरिस.एस , ने सोमवार को ग्राम मुरतोंडा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र में रबी और आगामी जायद मौसम में ली जाने बाली फसलों जैसे सरसों, मक्का, सूरजमुखी, मूंग, उर्द, मूंगफली, भिंडी, पत्तेदार सब्जियाँ, रागी आदि फसल उत्पादन कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक सुझाव देते हुए अवलोकन किया, विदित हो कि वर्तमान मे एक एकड़ मे सरसों, दस एकड़ मे मक्का फसल लगी हुई है और वाकी उपरोक्त सभी जायद फसलों की बौनी भी 15 फरवरी तक हो जायेगी। साथ ही कलेक्टर ने प्रक्षेत्र में नवनिर्मित विभिन्न इकाइयों जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, मिट्टी परीक्षण लैब आदि का भी अवलोकन किया, भ्रमण के समय उप संचालक कृषि श्री पी. आर. बघेल सर, सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी श्री कैलाश मरकाम जी, कृषि सर्वेयर श्री सुनील जी के साथ साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री हनुमंत सिंह तोमर, विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, डॉ परमानन्द, डॉ योगेश सिदार उपस्थित थे।

### जुआ खेल रहे 5 जुआरी गिरफ़्तार



**राजनांदगांव 17 जनवरी।** 16 जनवरी के शाम सायबर सेल प्रभारी जितेन्द्र वर्मा एवं थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना लालबाग एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम जंगलपुर और रामपुर के बीच नाले के उपर खेत में जूआ खेल रहे 05 जुआरियों राजीव ठाकुर पिता महेश ठाकुर (35) निवासी बसंतपुर, जीवराखन पिता परदेशी (42) निवासी पेण्डी, शुभम देवांगन पिता अर्जुन देंवागन (24) निवासी नंदई, सुधाकर गायकवाड़ पिता सच्चा गायकवाड़ (25) निवासी गौरीनगर तथा मो0 बसीर पिता मो0 युसुफ (42) निवासी चिखली को रेड कार्यवाही कर पकड़ा , जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, 84420/- रूपये नगद, 03 मोटर सायकल, 02 दरी एवं तालपत्री जप्त कर छत्तीसगढ़ जूआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

## 22 जनवरी, 26 जनवरी और 30 जनवरी शुष्क दिवस घोषित

**सुकमा, 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस.एस द्वारा छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश के परिपालन में 22 जनवरी 2024, सोमवार को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा÷ के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 तथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत वर्ष 2023-24 के देशी/विदेशी मदिरा लायसेंस शर्त की कंडिका-16 के तहत् 26 जनवरी 2024 को ÷ गणतंत्र दिवस ÷ एवम् 30 जनवरी 2024 को ÷ महात्मा गांधी निर्वाण ÷ के अवसर पर सम्पूर्ण दिवस ÷शुष्क दिवस÷ घोषित किया जाता है। जिला-सुकमा में संचालित समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकान तथा एफ.एल.-7 सैनिक केन्टीन फुटकर अनुज्ञप्ति 22 जनवरी 2024, 26 जनवरी 2024, एवम् 30 जनवरी 2024 को मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा ।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में दूर-दूर गांव से आए लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनी

**राजनांदगांव 17 जनवरी** । कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारीपूर्वक जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन कार्यक्रम में आये जनसामान्य की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनने के साथ ही आवेदन प्राप्त किए। कलेक्टर से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला के किसान श्री नारा साहू ने भेंट की और बताया कि परिवार में जमीन का बटवारा नहीं हुआ है एवं उनके भाई बिना उनके सहमति के धान की बिक्री कर रहे हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को खाता विभाजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवार में खाता विभाजन नहीं होने से धान की बिक्री के दौरान इस तरह की दिक्कत आती है। दिव्यांग श्री चुम्मन लाल साहू ने ट्राईसिकल के लिए आवेदन किया। श्री



भागवत प्रसाद तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव श्रीमती सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम श्री अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कांजीपानी

■ भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की आमजन को दी गयी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 18 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को सुकमा ज़िले के छिंदगढ़ ब्लाक के कांजीपानी पंचायत में पहुँची। भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की आमजन को जानकारी दी गयी । स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के द्वारा विकसित भारत संकल्प रथ का का स्वागत सामूहिक रूप से किया गया । स्थानीय स्कूल की बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए। साथ ही उपस्थित जन प्रतिनिधिए अधिकारी कर्मचारी, किसान, महिला एवं विधार्थियो बीच क्वीज प्रतियोगिता आयोजित हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिये गये। सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री उज्जवला, प्रधानमंत्री आयुष्मान, जन आरोग्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी, अटल पेंशन इत्यादि से पत्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों महिला व बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता, स्वास्थ्य विभाग व बैंक दवारा स्टाल लगाये गये। महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा पोषण कीट वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड तथा हितग्राही की स्वास्थ्य जांच किया गया,साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण श्री धनीराम बारसे, श्री हुंगा राम मरकाम, श्री सोयम मुका, अमर पोयाम , पार्वती प्रधानी, दीपिका शोरी, रमेश यादव , सरपंच श्रीमती सुकलदेई नेगी, भगत नेगी, गोविन्द नेगी, पोजा वेको ,जयमनी और विभागों के अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।




## असीम राय के हत्यारों के घर पर चले बुलडोजर

■ राजनीतिक हत्या करना कांग्रेस की पुरानी शैलीः रामू नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 17 जनवरी।** पखांजूर में बीजेपी नेता असीम राय की राजनीतिक हत्या पर ,प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने हत्या के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ,उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की है । रामू नेताम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि आरोपियों का कृत्य अक्षम्य है ,इसलिए इनके घरों पर उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए ताकि हत्यारों को एक सबक मिले और दूसरे लोग इस तरह की राजनीतिक हत्या करने से पहले डरें। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर राजनीतिक हत्या करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ,कांग्रेस शासन के दौरान विगत 5 वर्षों कई बीजेपी नेताओं की हत्याएं हुई है, ये समस्त हत्याएं ,पखांजूर के असीम राय की हत्या की तरह ही राजनीतिक हत्या हैं ,कांग्रेस पार्टी पर ही इन हत्याओं की जिम्मेदारी है । उन्होंने कि कांग्रेस राज में बीजेपी कार्यकर्ताओं को चुन चुन कर मारा गया है ,कई हत्याओं में नक्सलियों का इस्तेमाल किया गया है ,सभी हत्याओं की जांच होनी चाहिए । रामू नेताम ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास राजनीतिक हत्याओं से भरा हुआ है ,सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस हमेशा राजनीतिक हत्या का सहारा लिया है । उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधी इस बात को समझ लें कि प्रदेश में अब बीजेपी की सरकार है और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा।



## समाचार संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने लोगों ने ली शपथ

**सुकमा, 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । आज नगर पालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल सहित ग्राम पंचायत मिचवार, कुन्ना पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया गया। कार्यक्रम मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रचार वैन के माध्यम से केंद्र सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रचार वैन के पहुंचने पर लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश देखा और सुना। आयोजन के दौरान स्कूली बच्चों ने तिरंगा फहराते हुए देश भक्ति गीत की धुन पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया तथा बालिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुती दी। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयॉ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थित सभी लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम आयोजित में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री धनीराम बारसे, पूर्व जिलाध्यक्ष सुकमा श्री हुंगा राम मरकाम, आदिवासी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री सोयम मुका, मंडल अध्यक्ष श्री अमर पोयाम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पार्वती प्रधानी, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपिका शोरी , अनु मंडावी, सुनील नाग, संदीप यादव, सरपंच कुना रामकुमार पोडियम, पटेल, पुजारी सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्या- विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में नगर पालिका सुकमा के मिनी स्टेडियम में पहुँचे। इस दौरान कलेक्टर श्री हरिस. एस ने लोगों की समस्या सुनी। कलेक्टर श्री एस ने जल्द ही निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सुकमा एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम के साथ अन्य विभाग के अधिकारी और नगर पालिका के पार्षद श्री मनोज देव सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे।

### आलीवारा,जयसिंगटोला,हालाडुला एवं कुमारदा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा




**राजनांदगांव 17 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे के लिए आज छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत आलीवारा, जयसिंगटोला, हालाडुला एवं कुमारदा पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा सरकार की प्रमुख योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की सामान्य जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया। मोबाईल वैन के माध्यम से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। केन्द्र सरकार की योजनायों से लाभांवित हितग्राही मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने विचार व्यक्त किए। धरती कहे पुकार के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केन्द्र की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई एवं अन्न प्राशन कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से आमजनों को अवगत कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में बीपी शुगर, 1368 लोगों ने एनीमिया जांच एवं 75 आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा निऱ्शुल्क दवाई वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि एवं आधार सिडिंग का कार्य किया गया। कार्यक्रम में लगभग 211 हितग्राहियों में उज्ज्वला गैस का केवायसी एवं 85 नया पंजीयन किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 73 लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अन्तर्गत 45 लोगों ने बीमा सम्बन्धी आवेदन किया। इस अवसर पर श्री एमडी ठाकुर, श्रीमती चन्द्रिका डड़सेना, अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव, श्री कैलाश शर्मा, सदस्य जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती हेमीन विष्णु साहू, श्री रामप्रकाश चन्द्रवंशी, सरपंच, पंचगण व अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा परिसर मैदान में किया गया

# जेपीएल के फायनल में मोक्ष इलवेन ने शुभ इलेवन को 49 रन से हराकर खिताब जीता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर 17 जनवरी।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के जैन समाज द्वारा सामाजिक एकता और सद्भावना की भावना युवाओं में जागृत करने के उद्देश्य से रात्रि कालीन जेपीएल (जैन प्रीमियर लीग) क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा परिसर मैदान में किया गया जिसमे समाज के युवा और बड़े बुजुर्गो के साथ मिलाकर टीम बनाई गई । जिसमे टीम का नाम जैन समाज द्वारा सिखाए जाने वाले संयम , धैर्य , मोक्ष , सेवा , वीर और शुभ नामे दी गई । तीन दिनों तक सभी टीमों के बीच हुए मुकाबले जबरदस्त रहे इस बीच समाज के कई युवा चेहरे अपने बेहतरीन खेल से सामने आए जिसमे नमन गोलछा , राहुल श्री श्री माल , प्रिंस गोलछा , सुमित गोलछा , तन्मय देशलहरा , अंकित अग्रवाल , राहुल अग्रवाल जैसे सामने आए वही बुजुर्गो में राकेश गोलछा , धनराज देशलहरा , पवन श्री श्री माल , बिल्लू अग्रवाल ने भी जमकर अपने खेल का प्रदर्शन कर अपने पुराने दिनों को याद किया मैच में बुजर्गो में राकेश गोलछा ने हैट्रिक लेकर धमाका किया वही युवाओं में प्रिंस गोलछा ने हैट्रिक ली । वही जेपीएल प्रतियोगिता में कोंडागांव से जैन समाज की टीम मैच खेलने पहुंची और जैन समाज के युवाओं के साथ मैच हुआ जिसमे नारायणपुर जैन समाज के युवाओं ने 8 ओवरों में 83 रन बनाए वही कोंडागांव ने नारायणपुर को 7 विकेट से हरा दिया वही कोंडागांव की टीम ने नारायणपुर के जैन समाज को कोंडागांव में होने वाले क्रिकेट के आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण दिया । प्रतियोगिता का फायनल मुकबाला मोक्ष इलेवन और शुभ इलेवन के बीच खेला गया जिसमें मोक्ष इलेवन पहले बल्लेबाजी करते हुए नमन गोलछा के धमाकेदार अर्धशतक की मदद से 10 ओवरों में 111 रन बनाए । वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी शुभ इलेवन रनो के पहाड़ के सामने धराशाई हो गई और 49 रनो से मोक्ष इलेवन ने मुकाबला जीत लिया । फायनल मुकाबले में धमाकेदार बल्लेबाजी के लिए नमन गोलछा को मैन आफ दी मैच चुना गया । फायनल मुकाबले में मुख्य अतिथि समाज के वरिष्ठ रानीदान जी देशलहरा, मोहनलाल श्रीश्रीमाल , महावीर लालवानी, त्रिलोक सुराना,भिखमचंद बाफ़ना मौजूद थे । श्रृंखला में बेहतरीन बल्लेबाजी करने वाले राहुल श्री श्री माल को मैन ऑफ दी सीरीज चुना गया , बेस्ट बेस्टमेन तनमय देशलहरा , बेस्ट बालर अंकित अग्रवाल , बेस्ट फोल्डर दिनेश देशलहरा , सोनू ललवानी को दिया गया । घर के बच्चो और बड़ो का उत्साह वर्धन करने के लिए समाज की महिलाए भी मैदान पहुंची और इस आयोजन को एक अच्छा आयोजन बताया साथ ही महिलाओं के लिए भी ऐसे आयोजन कराने की बता कही । वही समाज के पवन श्री श्री माल और बंटी जैन ने बताया कि समाज के युवाओं को बड़ो के द्वारा खेल खेल में सामाजिक एकता और सद्भावना की भावना के लिए आईपीएल की तर्ज पर जेपीएल का आयोजन किया गया है युवाओं में खेल को लेकर काफी उत्साह देखा गया है आने वाले समय पर इसे संभागीय स्तर कराया जाने की योजना बनाई जा रही है जिससे संभाग के जैन समाज के सभी से मेल मिलाप का माध्यम खेल से बनेगा।




# कहेर दुलेर गांव में सीआरपीएफ ने उपयोगी सामग्री बांटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 17 जनवरी।** जिले में आज चिंतागुफा थाना अंतर्गत नक्सलियो के मुख्यालय कहे जाने वाले क्षेत्र कहेर दुलेर गाँव में पहली बार रति कान्त बेहेरा कमाण्डेन्ट द्वितीय वाहिनी, सी.आर.पी.एफ के दिशा निर्देश पर द्वार-द्वार तक सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।द्वार द्वार तक सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत दैनिक उपयोग के आवश्यक समान व मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित गाँव दुलेर के आदिवासी युवाओ, युवतियों, महिलाओं व स्कूली बच्चें जो कि लगभग 200 की संख्या मे थे उन्हे सोलर लालटेन, वाटर फिल्टर, खेल कूद से संबंधित सामान जैसे किकेट बैट, बॉल, स्टांप, वॉली वॉल, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन्सील, व ज्योमेट्री बाक्स एवं आम जनों से जूड़े दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्री साड़ी, मच्छरदानी, लुंगी आदि का वितरन किया गया। इसके अतिरिक्त मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया जिसमें भाग लेने वाले आदिवासी युवाओं, युवतियों, महिलाओं, बूजुर्गों तथा स्कूली बच्चों को डॉ पंकज कुमार (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी) 02 वाहिनी के.रि.पु.बल द्वारा चिकित्सा जॉच की गई व मुफ्त दवाईयों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आज तक समाज के वंचित व जरूरत मंद लोगों को जरूरी चिकित्सा सुविधा देना व दवाईयां पहुँचाना है तथा आम लोगों को जरूरत के सामान वितरित कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ना एवं जागरूक करना है। इस सिविक एक्शन प्रोग्राम के आयोजन से ग्रामिण नागरिक बहुत खुश हुए।इस मौके पर द्वितीय वाहिनी के,अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी, सॅमसन राजू, उप. कमा. श्री अश्वनी कुमार सिंह., सहा. कमा. राजीव कुमार, सहा. कमा., द्वितीय वाहिनी के.रि.पु.बल, आशीश मरकम ए.एस.पी सुकमा, संजय सिंह, डी.एस.पी सुकमा पुलिस, मनीष रात्रे पुलिस उपाधीक्षक, सुकमा आनंद गुरदे, नायव तहसीलदार जगरगुण्डा,सरपंच दुलेर व गाँव के गणमान्य महिला व पुरूष सुकमा पुलिस व के.रि.पु.बल के अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे। अंत में श्री रति कान्त बेहेरा कमाण्डेन्ट द्वितीय वाहिनी के.रि.पु.बल ने सिविक एक्शन प्रोग्राम व मेडिकल कैम्प में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों को धन्यवाद दिया व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।



## एक नजर

### किसना ने किया अपना वादा पूरा



**रायपुर, 17 जनवरी।** भारतीय बाजार की प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड किश्ना डायमंड एन्ड गोल्ड ज्वैलरी ने पिछले साल अपना एक्सक्लूसिव ब्रांड शोरूम रायपुर शहर में खोला है। शोरूम के भव्य उद्घाटन के समय हरी कृष्णा ग्रुप एवं किश्ना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के मेनेजिंग डायरेक्टर घनश्याम ढोलकिया ने वादा किया था की हम रायपुर के ग्राहकों के सम्मान में समाज हित में कुछ नया काम करेंगे।आज इसी वादे को पूरा करने के लिए किसना डायमंड ज्वैलरी ने सुबह पौधरोपण एवं एक दिवसीय ब्लड डोनेशन ड्राइव के साथ मुफ्त नेत्र चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया है। एक दिवसीय ब्लड डोनेशन एवं नेत्र चिकित्सा जाँच शिविर के साथ पौधरोपण के अवसर पर हरी कृष्णा ग्रुप एवं किसना डायमंड ज्वैलरी के मेनेजिंग डायरेक्टर श्री घनश्याम ढोलकिया मौजूद थे।

ब्लड डोनेशन एवं नेत्र जाँच शिविर के मौके पर अपने विचार रखते हुए, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा उद्घाटन के शुभ अवसर पर किये वादे को पूरा करने हेतु मुझे अत्यंत गौरव महसूस हो रहा है। रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के लोगों ने किसना डायमंड ज्वैलरी को खरीदकर समाज हित में काम करने के लिए हमें उत्साहित किया है। हमें बेहद ख़ुशी है की हमारे ग्राहकों ने किसना को बहुत प्यार देकर अपने परिवार की खुशियों में शामिल किया है। हमने सोचा था की हम उन सभी लोगो के सम्मान हेतु क्या करे जिससे पहनने वाले, बेचने वाले सभी को गर्व महसूस हो। आज सुबह में उन सभी के नाम से एक- एक पौधा लगाकर एवं नोबल कॉज में ब्लड डोनेशन, नेत्र जाँच शिविर एवं ओर्फनेज होम में खाना खिलाकर रायपुर को हरित बनाने के साथ समाज के उत्थान हेतु सहयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ। किसना डायमण्ड एण्ड गोल्ड ज्वैलरी के विषय में किसना डायमण्ड एण्ड गोल्ड ज्वैलरी भारत में बिकने वाले सबसे बड़े ज्वैलरी ब्राण्ड्स में से एक है। 2005 में लॉन्च हुए चद्वस्न्न के आज भारत के 28 राज्यों में 3,500 से ज्यादा आउटलेट्स हैं। वे 14 कैरेट और 18 कैरेट डायमण्ड और गोल्ड ज्वैलरी में रिंग्स, ईयरिंग्स, पेंडेन्ट्स, मंगलसूत्र, नेकलेसेस, चूडियों, ब्रेसलेट्स और नथ (नोज़ पिन) की एक व्यापक श्रृंखला की पेशकश करते हैं, जोकि 100त्न प्रमाणित और बीआईएस हालमार्ड होती हैं।

### बिना एनओसी राइस मिल संचालन को रोक लगाने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत

**राजिम,17 जनवरी।** विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कोमा के सरपंच भुवनेश्वरी बंजारे सहित पंच खुमान साहू, छन्नू साहू, अरुण यादव, घनश्याम साहू ,पूर्णिमा साहू, पूर्णिमा तारक ने ग्राम में संचालन हो रहे राइस मिल को बंद करने मंगलवार कलेक्टर जन दर्शन में आवेदन किया गया है आवेदन में सरपंच वा पंचों ने लिखा है कि ग्राम पंचायत कोमा पटवारी हल्का नंबर 26 तहसील राजिम के भूमि खसरा नंबर 07 रकबा 1.01 हेक्टेयर की जमीन पर स्वयं की भूमि पर सचिन गोयल पिता भगवान दास गोयल निवासी गोबरा नवापारा जिला रायपुर के द्वारा ग्राम पंचायत कोमा से बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए राइस मिल के संचालन किया जा रहा है इसके पूर्व में भी इस संचालक को लेकर 3 बार शिकायत की जा चुकी है तो वहीं ग्राम पंचायत कोमा एवं ग्रामवासियों द्वारा निर्माण कार्य के समय भी शासन को अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है इसको लेकर ग्राम पंचायत कोमा के सरपंच एवं पंचों ने शीघ्र ही संचालन को बंद करने का मांग कलेक्टर से किया है।साथ ही उन्होंने यह भी बताए कि अगर राइस मिल का संचालन बंद नहीं होता है तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक को की जाएगी पर कलेक्टर गरियाबंद ने आवेदन की सुनवाई करते हुए राइस मिल संचालन की जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

### गरियाबंद के सीएमओ को नगर पंचायत कोपरा का सौपा गया अतिरिक्त प्रभार

**राजिम 17 जनवरी ।** छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की 06 अक्टूबर 2023 के अधिसूचना अनुसार जिला गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपरा को नगर पंचायत कोपरा गठित किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्री पी.बी. काशी ने प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से नगर पंचायत कोपरा का अतिरिक्त प्रभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद गरियाबंद श्री आशीष तिवारी को आगामी आदेश पर्यंत अस्थायी रूप से सौंपा गया है।

### एकाएक ट्रैक्टर पीछे की ओर चलने से हुई बालक की मौत

गरियाबंद, 17 जनवरी। विकासखंड देवभोग से 10 कि.मी. दुर कुरलापार में एक ट्रैक्टर के नीचे खेल रहे बच्चों के बीच एकाएक किसी बच्चे के ट्रैक्टर का कलच दबने से ट्रैक्टर पीछे की ओर आने लगा जिसके चलते ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दब जाने से एक 7 वर्षियँ बालक की मौत हो गई ग्रामीणों ने तत्काल बच्चों को देवभोग अस्पताल पहुंचाया किंतु तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी देवभोग पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और विवेचना जारी है लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने की तैयारी में देवभोग पुलिस जुटी हुई है ग्रामीणों ने तत्काल लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### महासमुंद पालिका का नाम देश के स्वच्छ शहरों में हुआ शामिल: योगेश्वर सिन्हा

**महासमुंद।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में महासमुंद नगर पालिका को देश के ईस्ट जोन से प्रथम पुरस्कार मिलने पर सोमवार को कार्यालय परिसर में पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर, कलेक्टर प्रभात मलिक, नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, आदि थे।

# विधायक ने 1.19 करोड़ की लागत से बनने वाली शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी शाला का भूमिपूजन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**फिंगेश्वर 17 जनवरी ।** मंगलवार को फिंगेश्वर में आयोजित विकसीत भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे राजिम विधायक रोहित साहू ने नगर में एक करोड़ 19 लाख की लागत से बनने वाले शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी शाला का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया। लगभग 6 माह पूर्व स्वीकृत यह निर्माण आचार संहिता के चलते प्रारंभ नहीं हो पाया था। शिलान्यास कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, भागवत हरित, पूनम यादव, राजेश साहू, चंद्रशेखर हरित, मनीष हरित, किरणेश सोनी, श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू, श्रीमती मधुबाला रात्रे, पार्षदगण श्रीमती हेमा सोनी, अरूण साहू, संतोष पुरी गोस्वामी, बेनीप्रसाद सोनवानी, नरेश लहरे, श्रीमती मंजू हरित, संतोषी श्रीवास्तव, पद्मा यदु, मिंजुन साहू, डॉ. प्यारेलाल सोनकर, ठाकुरराम साहू, बिरझू बंजारे, पन्नालाल बंजारे, खेलावन सोनवानी, हरिशंकर श्रीवास्तव, दिलीप निषाद सहित शिक्षक, स्टॉफ के सदस्य एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रदीप मिश्रा आदि भारी संख्या में नागरिकगण, भाजपा कार्यकर्ता, महिलाएं आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में विधायक रोहित साहू ने कहा कि शिक्षा के प्रति भाजपा की सरकार प्रारंभ से काफी चौकाती है हमारे शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आने वाले शिक्षा सत्र से 10 वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को शाला आने हेतु निशुल्क सायकल के साथ साथ कक्षा 12 वीं तक निशुल्क पाठ्य पुस्तक देने की घोषणा की है। इससे गरीब परिवार के बच्चों में पढ़ाई के प्रति आकर्षण एवं उत्साह बढ़ेगा भाजपा हमेशा छात्राओं एवं महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करती है ताकि महिलाएं शिक्षित होकर अपने पैरों में खड़ी होकर राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। नारी-पढ़ेगी, समाज गढ़ेगी का नारा सिर्फ नारा बनकर न रहें यह भाजपा की सोच है। भाजपा की केन्द्र सरकार ने चुनावों में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाकर महिला सशक्तिकरण में क्रांतिकारी कदम बढ़ाया है। आज फिंगेश्वर में 12 वीं तक की छात्राओं के लिए नया भवन बनाने का भूमिपूजन किया गया है। छात्राओं को इससे सुविधा होगी। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ने और उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश, समाज एवं परिवार के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की अपील की।

## परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक कई विषयों पर चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नवापारा राजिम, 17 जनवरी।** परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण(नवागांव) की सामाजिक बैठक नवागांव में संपन्न हुआ। इस बैठक में सामाजिक गतिविधि, सामाजिक एकजुटता पर चर्चा करते हुए समाज मे आए हुए विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के पूजा अर्चना के साथ हुआ।इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत होती है।ऐसे मौके पर सामुहिक एकजुटता बहुत जरूरी है।संगठित समाज ही विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है।उन्होंने आगे कहा कि नशा नाश की जड़ है। नशापान की सेवन से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक शक्ति का विघटन होता है।अतः हम सभी को नशापन से दूर रहना चाहिए.जीवन में संस्कार का बहुत महत्व हैं संस्कार विहीन पशु के समान होते हैं.इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण्य (नवागांव) के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू,उपाध्यक्ष गंगू राम साहू,रमा साहू, संरक्षक शोभाराम साहू,भुवन साहू,सचिव कृष्णकुमार, पूरन लाल साहू , हीरालाल साहू,, बिसौहा राम साहू,गैंदलाल साहू गुहा राम साहू,भारत राम साहू, भोलाराम साहू,दशरथ साहू,रवि साहू, बरातू राम साहू, श्यामलाल साहू,राजेश साहू,सूरज साहू सरोज साहू,गीता साहू,पार्वती साहू,महेश साहू,बसंत साहू,तीजलाल साहू,देवकुमार साहू,सामाजिक पदाधिकारीगण व स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## विधायक साहू ने पटवारी मनोज कंवर को किया सम्मानित



गरियाबंद, 17 जनवरी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गत दिवस नगर पालिका परिषद गरियाबंद के गांधी मैदान में शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें राजस्व विभाग द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित स्वामित्व योजना तथा कॅप्युट्राईजेशन और डिजिटाईजेशन ऑज लैण्ड रिकार्ड के महत्व के संबंध में जानकारी दिया गया। राजस्व विभाग द्वारा पृथक से स्टाल लगाकर राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किये गये और गरियाबंद तहसील के भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण का कार्य 100 प्रतिशत से अधिक सफलता प्राप्त करने पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री अब्दूल गफ्फार मेमन ने पटवारी श्री मनोज कंवर को अभिनंदन पत्र प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### स्वरोजगार के लिए अ.ज.जा के इच्छुक आवेदक 23 तक आवेदन दे सकेंगे

**गरियाबंद, 17 जनवरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के तहत विभिन्न योजनाओं में व्यवसायों के लिए लोन के इच्छुक आवेदकों से 23 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला अंत्यावसायी के कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि गुप्ता ने बताया कि गरियाबंद जिले में निवासरत 18 वर्ष से 50 वर्ष की सीमा तक के अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिये स्वरोजगार स्थापना हेतु कृषि क्षेत्र में संचालित योजना अजजा टर्म लोन योजना इकाई लागत 3 लाख रूपये, अजजा टर्म लोन योजना इकाई लागत 5 लाख रूपये तथा उद्योग क्षेत्र में अजजा टर्म लोन योजना ईकाई लागत 5 लाख रूपये तक के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित



**बीजापुर 17 जनवरी ।** जिले के अति संवेदनशील एवं दूरस्थ अंचलों में संकल्प यात्रा शिविर के पहुंचने से लोगो में उत्सुकता एवं हर्ष का माहौल है। शासन की विभिन्न योजनाओं का जन-जन तक पहुंच आसान हो रहा है कई ग्रामीण पहली बार योजनाओं को जाने और उन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। शिविर के माध्यम से विभागीय अमला द्वारा विभागीय योजनाओं के स्टॉल में सुलभतापूर्वक योजनाओं की जानकारी लेकर उन योजनाओं से ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। जिसमें राजस्व विभाग, कृषि, खाद्य, पशुधन, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागीय अमला अपने-अपने विभागों की जानकारी सहजतापूर्वक ग्रामीणों को उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीपी, शुगर, मलेरिया, टीबी, एनिमिया सहित विभिन्न प्रकार के जांच, उपचार एवं निःशुल्क दवाईयों का वितरण ग्रामीणों को किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, प्रदाय किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने हितग्राहियों से आवेदन ली जा रही हैं बीजापुर जिला एक संवेदनशील जिला होने के बावजूद भी जिला प्रशासन द्वारा रूट चार्ट तैयार कर अधिक से अधिक गावों को शिविर के माध्यम से लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में एनीमिया के प्रभाव को देखते हुए महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनिमिया, रक्ताल्पता की जानकारी एवं उनके रोकथाम, पोषण आहार इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जा रहा है। विभागीय स्टॉल के द्वारा कुपोषण को दुर करने एवं पोषण आहार की जानकारी दी जा रही है। वहीं हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से शासन के योजनाओं से लाभान्वित होने एवं उसके सुखद परिणाम को भी बताया जा रहा है। जनपद पंचायत भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत कोमपल्ली के हितग्राही श्री रामलू पोयाम ने बताया अभी-अभी उनके घर में व्यक्तिगत शौचालय बना। शौचालय की महत्व को बताते हुऐ कहा कि दिन-रात, गर्मी, बरसात जैसी किसी भी समय में अब शौचालय जाने में कोई दिक्कत नहीं होती रात को जंगली जानवर, सांप-बिच्छू का डर हमेशा रहता था बाहर में शौचालय जाना सुरक्षित नहीं रहता और स्वास्थ्य खराब होने पर भी बाहर में शौचालय जाना कष्टदायक होता है। पानी-बरसात सहित कोई भी मौसम में शौचालय जाने में अब कोई दिक्कत नहीं आरही यह केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसे हमें लाभान्वित किया जा रहा है। इसी तरह भोपालपटनम ब्लाक के लिंगापुर के ग्रामीणों ने भी शौचालय की महत्व को मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से व्यक्त किया। लिंगापुर की स्वसहायता समूह की महिला श्रीमती निधि मंडल ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से बताया कि वह राष्टीय आविविका मिशन से जुड़ी है। राष्टीय आजिविका मिशन अर्न्तगत मिलने वाले ऋष्ण से महिलाएं आत्मनिर्भर और आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर हो रही है। निधि मंडल के समूह ने भी राष्टीय आजिविका मिशन से प्राप्त ऋष्ण से समूह को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया।शिविर में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन ग्रामीणों द्वारा तन्मयतापूर्वक सुना गया। जिले के सभी ब्लाको के पंचायतों में ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति से सफलतापूर्वक शिविर का आयोजन निरंतर जारी है।

# विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य:प्रधानमंत्री मोदी

रायगढ़, 16 जनवरी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएम-जनमन के लाभार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी पीवीटीजी परिवार कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इनमें सुरक्षि?त आवास, स?वच?छ पेयजल, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बिजली, सडक और संचार जैसी सुविधा तथा टिकाऊ आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना शामिल है। कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न राज्यों के 200 जिले के हितग्राही ऑनलाइन माध्यम से जुड़ें रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम रायगढ़ कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बिरहोर परिवार के हितग्राहियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण-पत्र वितरित किए। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बताया कि पीएम जनमन का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं से संतृप्त करके विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों पीवीटीजी की सामाजिक आर्थिक स्थितियों में उत्तरोत्तर सुधार करना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले के 25 ग्राम/बसाहटों में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर निवासरत है, जिनकी कुल जनसंख्या 1151 है। इसमें सामुदायिक अधोसंरचनाओं में सुधार के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर में उन्नयन के साथ ही प्रत्येक परिवार को शासकीय योजना का लाभ मिल सके, ऐसा सुनिश्चित किया जाना मिशन के माध्यम से नियत किया गया है। उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु नौ केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिसके तहत बिरहोर बसाहटों में उक्त मिशन का क्रियान्वयन 3 वर्ष की अवधि में पूर्ण कर सभी बसाहटों को उपरोक्त 11 गतिविधियों को आवश्यकतानुसार पूर्णतः आच्छादित किया जाना है। कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले के 187 पात्र बिरहोर परिवारों के लिए आवास हेतु प्रथम किश्त की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें धरमजयगढ़ के 126, लैलूंगा के 32, तमनार के 25 एवं घरघोड़ा के 4 शामिल है। इस अवसर पर बिरहोर समुदाय के अध्यक्ष श्री केन्दाराम बिरहोर, अध्यक्ष जिला पंचायत श्री निराकार पटेल, श्री उमेश अग्रवाल, श्री अरूणधर दीवान, श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री खेमराज नायक, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी सहित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बिरहोर परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

15 बिरहोर को मिला उज्जवला योजना का लाभ-पीएम जनमन कार्यक्रम के दौरान आज मौके पर धरमजयगढ़ विकासखण्ड के 15 बिरहोर को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत निःशुल्क गैस चूल्हा प्रदाय किया गया। इनमें सुकमती, सुभाषिनी, बिरसो, चमरेन, गेदी बाई बिरहोर, सुकमती, शांति बाई, मानकी बनवासी, मानमोती, सुनिता, कमला बनवासी, रजो बाई, कुंती बनवासी, चंदन कुमारी एवं अभंती बाई शामिल है।

## पालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर एवं भूमकाल मिलिशिया सदस्य का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण



**बीजापुर 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर एवं केरिपु 85, 222 बटालियन के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर गंगालूर एरिया कमेटी अंतर्गत पालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर- सुखराम ऊर्फ गोपी पिता दुला पूनेम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालनार पूनेमपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, आरपीसी पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य -सन्नू पूनेम ऊर्फ करका सन्नू पिता स्व0 गोईया पूनेम उम्र 39 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गोरगेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 16/01/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, कमांडेंट 222 बटालियन केरिपु श्री विनोद कुमार मोहरिल, कमांडेंट 85 बटालियन केरिपु श्री व्ही0तुसिंग, द्वितीय कमान अधिकारी 222 केरिपु श्री कुमार ओमप्रकाश सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।

सुखराम पूनेम ऊर्फ गोपी, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-

वर्ष 2004 को संगठन में बाल संघम के पद पर भर्ती किया गया । वर्ष 2007 में पालनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य के पद पर पदोन्नत किया गया । वर्ष 2007 से 2010 तक पालनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य किया । वर्ष 2011 में डीएकेएमएस कमेटी सदस्य का कार्य दिया गया । वर्ष 2016 मे आरपीसी पालनार में जनताना सरकार सदस्य का कार्य दिया गया । वर्ष 2018 में आरपीसी पालनार मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर की जवाबदारी दी गई ।

**महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल** -वर्ष 2007 में पोटामपारा के पास राशन सामग्री लूट की घटना में शामिल वर्ष 2008 में बीजापुर-चेरपाल मार्ग पर गडडा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल वर्ष 2010 में बीजापुर-गंगालूर मार्ग पर गडडा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल वर्ष 2016 में सावनार गुण्डापारा के पास द्बश्वष्ठ लगाने की घटना में शामिल घटना में 02 जवान घायल हुए वर्ष 2021में चेरपाल, पालनार रोड निर्माण कार्य में लगी मिक्चर मशीन में आगजनी की घटना में शामिलवर्ष 2022 में गुडडी पूनेम की हत्या में शामिल सन्नू पूनेम ऊर्फ करका सन्नू , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 2000 में पुसनार आरपीसी में बाल संघम सदस्य के रूप में संगठन में भती हुआ । वर्ष 2002 में सीएनएम सदस्य की जिम्मेदारी दी गई । वर्ष 2004 में पुसनार सीएनएम अध्यक्ष बनाया गया । वर्ष्ज्ञ 2009 में आरपीसी पुसनार में भूमकाल मिलिशिया सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई ।

**महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल** -वर्ष 2005 में किरंदुल जिला दंतेवाड़ा विस्फोटक एवं हथियार लूट की घटना में शामिल वर्ष 2006 में गंगालूर राहत शिविर में हमला कर सलवा जुडुम कार्यकर्ताओं की हत्या में शामिल वर्ष 2021 में पुसनार-बुरजी मार्ग पर रोड खोद कर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल

**संगठन छोड़ने का कारण**-संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया । आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000-25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पखवाड़ा मनाया



**बीजापुर 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डे के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले में बेटी बचाओं-बेटी पढाओं अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इस दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में किशोरी सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, लड़के एवं लड़कियों के बीच समानता को बढ़ावा देने, बालिका के जन्म पर उत्सव का आयोजन, लिंग चयन का विरोध, बालविवाह, दहेज प्रथा का विरोध, बालको के लैंगिक अधिकारों से संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह अधिनियम, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181, सखी सेंटर, बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न प्रकार के जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले में राष्टीय बालिका दिवस सप्ताह अंतर्गत पूरे माह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच, सेल्फ डिफेंस, महिला अपराध एवं मोबाईल से संबंधित होने वाले अपराध के बारे में बताने के साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओ के लैंगिक शोषण से बचाव व कारण व नशे के दुष प्रभाव के संबंधी जानकारी भी दिया जा रहा है। जागरूकता संबंधी प्रचार-प्रसार हेतु वॉल राईटिंग भी किया जा रहा है। स्कूल एवं ग्राम पंचायतों में शपथ भी दिलाया जा रहा है। प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तर से जिला बाल संरक्षण इकाई से श्री राहुल कौशिक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती शीला भारद्वाज महिला संरक्षण अधिकारी, सुश्री लेखिका साहू, नगीना लेकाम परामर्शदाता, नवा बिहान योजना से एवं सखी वन स्टॉप से पुष्पा बंजारे केश वर्कर, संतोषी यादव केश वर्कर द्वारा टीम बना कर कार्य किया गया।

## नक्सली हिंसा पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** राज्य शासन की नक्सली पीड़ित व्यक्तियों एवं परिवारों की सुरक्षा एवं पुर्नवास कार्ययोजना के तहत कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा जिला पुर्नवास समिति की अनुशंसा पर नक्सली हिंसा में पीड़ित व्यक्ति की संपत्ति को आंशिक या पूर्ण रूप से क्षति होने पर दी जाने वाली सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत श्री ब्रज मोहन शर्मा पीकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 2436 एवं जेसीबी वाहन क्रमांक एमपी 04 डीबी 2215, श्री मुकेश चौधरी पीकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 2014, की स्टोन इन्फा प्राइवेट लि. जैतालूर रोड बीजापुर एवं श्री विजय पोयाम हाईवा टिप्पर वाहन क्रमांक सीजी 17 केटी 2445 उक्त वाहनों को नक्सलियों द्वारा आग लगाकर क्षति किया गया। वाहन मालिक को 2 लाख रूपए सहायता राशि स्वीकृत। वाहन मालिकों को कुल 13 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

## बलों की जबवा कार्रवाई पर नक्सली भागे

**बीजापुर 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** एरिया डॉमिनेशन पर निकली पुलिस टीम पर माओवादियों के द्वारा बीजीएल से किया गया हमला थाना पामेड़ से जिला बल, कोबरा 204 एवं केरिपु 151 की सयुंक्त टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी सुरक्षा बलों की जवाबी कार्यवाही मे जंगल का आड़ लेकर भाग खडे हुए माओवादी क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग है जारी।

एक नजर

## बलौदाबाजार प्रेस क्लब के नीरज बाजपेयी अध्यक्ष, दलजीत सिंह चावला सचिव चुने गए



बलौदाबाजार, 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बलौदाबाजार जिला निर्माण के पश्चात से ही सारे पत्रकारों मे प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, यूट्यूब मीडिया एवं वेब पोर्टल के द्वारा एक सर्वमान्य संगठन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नगर के मीडियाकर्मियों एवं नागरिकों की बहुप्रतीक्षित माँग पर मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त पर प्रेस क्लब बलौदाबाजार की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया हैं इस नयी कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा एवं प्रमुख कार्य जिले मे लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना, मीडियाकर्मियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना, मीडियाकर्मी निर्भीक एवं निष्पक्ष समाचारों का प्रकाशन कर सकें सुनिश्चित करना, प्रेस क्लब भवन का रखरखाव एवं प्रबंधन करना हैं। नयी कार्यकारिणी मे वरिष्ठ पत्रकार नीरज बाजपेयी को सर्वसम्मति से प्रेस क्लब बलौदाबाजार का नया अध्यक्ष चुना गया, पत्रकार दलजीत सिंह चावला को सचिव पद एवं संजय श्रीवास को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है। प्रेस क्लब बलौदाबाजार के संरक्षकगण वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल, पूर्व सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं वरिष्ठ पत्रकार सदानंद पाध्ये, वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार पुरषोत्तम नत्थानी, वरिष्ठ पत्रकार तारा परसवानी, वरिष्ठ पत्रकार नरेश गनशानी, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद मिश्रा हैं। उपाध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी एवं आनंद वाकड़े, सह सचिव निशांत श्रीवास्तव एवं कृष्णकांत केसरवानी, कार्यकारणी सदस्य प्रदीप माहेश्वरी, प्रभाकर मिश्रा, आशीष शुक्ला, देवेश साहू, विजय तिवारी एवं जगजीवन रात्रे सर्वसम्मति से चयनित हुए हैं। राघवेंद्र सिंह, लंकेश्वर बघेल, लकेश बघेल, राजेश्वर गिरी, उमेश बाजपेयी, ऋषि शुक्ला, सुदेश साहू, श्रवण कुमार ध्रुव, मुकेश कुर्रे, आभास शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, ताराचंद, महेश ढीढी, दिनेश बाजपेई सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों ने बैठक मे उपस्थित होकर सहयोग एवं समर्थन दिया हैं।

## लंबे समय से फरार 3 आरोपी गिरफ्तार



सिमगा, 17 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा न्यायालय द्वारा फरार आरोपियों जिनका न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी हुआ है जिन्हे पकड़ने हेतु त्वारित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन मे अति0पुलिस अधीक्षक एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा भाटापारा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी सिमगा निरीक्षक परिवेश तिवारी के कुशल मार्गदर्शन एवं सउनि नरेन्द्र मारकंडेय के नेतृत्व में थाना सिमगा के अपराध क्रमांक 75/2021, 377/21, 131/21 के स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायालय सिमगा द्वारा अपराध क्रमांक 75/21 धारा 294, 325, 506 भादवि के आरोपी शिव शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 08 सिमगा व अपराध क्रमांक 377/21 धारा 34(1)ब आबकारी एक्ट आरोपी महेश वर्मा निवासी करही थाना बेमेतरा तथा अपराध क्रमांक 131/21 धारा 34( ) आब. एक्ट के आरोपी नरोत्तम साहू निवासी ग्राम मल्दा थाना नांदघाट को न्यायालीन प्रक्रिया में उपस्थित नही होने पर 03 आरोपियों के विरुद्ध स्थायी वारंटी जारी किया गया था जिस पर थाना सिमगा पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर लगाकर पता तलाश किया गया आरोपियों के द्वारा अपने घर आने की सूचना पर पुलिस स्टाफद्वारा दबिश देकर 03 आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय प्रथम श्रेणी सिमगा के समक्ष पेश किया गया।

# 22 जनवरी को नगर में मनाया जाएगा दीपोत्सव, तैयारियां शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 17 जनवरी। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में मंदिरों और धार्मिक स्थलों में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जिले में मंदिरों के आसपास की साफ सफाई, रंगाई- पुताई का कार्य किया जा रहा है। जिले में सभी वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं। 22 जनवरी को दीपोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। हर घर, हर बस्ती, हर गांव में कलश यात्रा, भजन- कीर्तन, प्रभात फेरी, दीपदान, रंगोली, श्रमदान के कार्यक्रम प्रारंभ हो रहे हैं। इसमें विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये जा रहे हैं। जिले की विभिन्न राम मंडलियों द्वारा सुबह के समय प्रभात फेरी निकाली जा रही है। भगवान राम- जानकी आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

पुरानी बस्ती नेवरा नवीन बाल समाज रामायण मंडली के द्वारा सभी वार्डों में राम धुन की प्रभात फेरी टोली के द्वारा प्रतिदिन निकल जा रही है। 7 जनवरी से रोज सुबह 5:30 को हर दिन अलग अलग वार्ड में भ्रमड़ किया जाता है यह 22 जनवरी तक चलेगा 22 जनवरी को हनुमान मंदिर में दिन भर भजन कीर्तन तथा साम को खीर पुड़ी का भंडारा रखा गया है।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रमुख रूप से अरविंद वर्मा तुलाराम कश्यप अन्नू शर्मा पुरषोत्तम वर्मा भरत निषाद मुरली यादव अर्जुन साहू लोकु साहू अनिल निर्मलकर चिंतामणि निर्मलकर दिनेश साहू करण साहू आंनद साहू दुर्गा यादव पूरन वर्मा सोनू वर्मा दानी साहू और बहुत लोग उपस्थित रहते है



# मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी : चुन्नीलाल साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 17 जनवरी। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन शीतला मंदिर प्रांगण में सांसद चुन्नी लाल साहू महासमुंद लोकसभा, एवम रोहित साहू विधायक राजिम विधान सभा क्षेत्र के मुख्य आतिथ्य, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।




समस्त अतिथियों का पुष्पहार तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथियो द्वारा सारे विभाग के पांडालों का निरीक्षण किया। इस शिविर में मोदी की गारंटी वाली वाहन भी आई थी, जिसमे मोदी सरकार की चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।स्वागत भाषण खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा द्वारा देते हुए कहा कि नगर में मोदी की गारंटी प्राप्त हित ग्राहियों तक पहुंच रही है, उपस्थित जनों को उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव एवं सभापति भोलेशंकर जायसवाल द्वारा विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि मोदी सरकार की सारी योजनाएं भारत को विकसित बनाने वाली है। विधायक रोहित साहू के द्वारा प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को तुरंत निर्देशित किया।

मोदी सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना की अठारह लाख स्वीकृत, इकत्तीस सौ रुपए में धान खरीदी हेतु सरकार को धन्यवाद देते।हुए कहा कि महतारी वंदन योजना जल्द ही प्रारंभ होने की जानकारी दी।इसी कड़ी में जनता को संबोधित करते हुए सांसद चुन्नी लाल साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता संभालने के बाद से अब तक कई योजनाओं की शुरुआत की है। इनका सीधा-सीधा लाभ भारत की जनता को मिल रहा है।प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा योजना, जन धन योजना, उज्?ज्?वला योजना, अटल पेंशन योजना, स्?टार्टअप इंडिया और प्रधानमंत्री कौशल विकास जैसी कई ऐसी योजनाएं है एवम हाल ही में लांच किए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना मजदूर कामगारों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम द्वारा एवम कार्यक्रम का संचालन मिथलेश कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। विकासखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण की गरिमामयी उपस्थिति में सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ शिविर में अथितियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के8 हितग्राहियों को कनेक्शन 2 को चेक प्रदान किया गया, 5 हितग्राहियों आयुष्मान कार्ड जारी किया गया, इसी प्रकार, प्रधानमंत्री आवास के नवीन आवेदन, विश्वकर्मा योजना में पंजीयन प्राप्त हुए।कार्यक्रम में सभापति थानसिंग निषाद, रजनी लहरे, ऋतुराज शाह, पार्षद चित्ररेखा ध्रुव, मीना चंद्राकर, भारती सोनी, हेमंत कंसारी, पीलूराम यादव, सौरभ सारडा, तुलसी राम साहू, वीरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र पाटकर, रामाधार यादव, धनेश्वर नाग, कृष्णकुमार वैष्णव, नरेश ध्रुव, नामेश साहू, दीपक साहू, मनोज दुबे, कमलेश्वर सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, दाउलाल निर्मलकर, मेघराज यादव, रामचरण बंसे शीतल ध्रुव एवं बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

## यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले लापरवाह चालकों पर पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

बलौदाबाजार, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। यातायात पुलिस द्वारा कुल 150 प्रकरण में 48100 समन शुल्क लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर के मार्ग निर्देशन में 12 जनवरी को यातायात प्रभारी नरेश कांगे व स्टाफद्वारा, बिना नंबर एवं क्लासिकल नंबर नियम विरूद्ध नंबर लिखवाकर चलाने वाले वाहन चालको के विरूद्ध विशेष जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया तथा वाहनो में नंबर लिखवाने हेतु निर्देशित किया गया। क्लासिकल नंबर लिखे 76 प्रकरणों में कार्यवाही कर कल 22, 800 लिया गया सम्मन शुल्क। संबंधित वाहन चालकों को वाहन नंबर सुधरवा कर लिखवाने हेतु समझाइस दिया गया। बिना नंबर लिखे वाहन चालकों पर शिकंजा कस 46 प्रकरण में 13, 800 लिया गया सम्मन शुल्क। यातायात पुलिस द्वारा आज कार्यवाही कर कुल 150 प्रकरण में 48, 100 लिया गया सम्मन शुल्क। 12 जनवरी को यातायात पुलिस बलौदाबाजार के द्वारा वाहन चालको के ऊपर कार्यवाही किया गया। क्लासिकल एंव बिना नंबर वाहन चालको पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के सख्त कार्यवाही निर्देश पर जिले भर में विशेष अभियान चलाकर जुर्माना काटा गया ।

# 15 दिनों में 35 हजार परिवारों को बांटे गए अयोध्या से आए पूजित अक्षत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 17 जनवरी। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भव्य नवनिर्मित मंदिर में की जानी है, इसको लेकर नगर में भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं।विश्व हिंदू परिषद एवं सभी धर्मावलंबियों के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न होगा।अब तक विहिप के कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण का कार्यक्रम किया गया।विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल जैन ने बताया कि छुरा प्रखंड के अंतर्गत 158 गांवों में यहां 35 हजार सनातनी परिवार निवासरत हैं, जिन्हें पूजित अक्षत देकर निमंत्रित किया गया है। साथ ही सभी परिवारों से आग्रह किया गया है कि वह 22 जनवरी सोमवार के दिन अपने-अपने घरों में कम से कम पांच दीपक जलाकर दीपावली सा उत्सव मनाएं। उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी सनातनी हिंदू परिवारों को निमंत्रण देने का कार्य पूरा हो चुका है। अब नगर में प्रत्येक घर पर भगवा ध्वज लगाने के साथ ही रंगोली सजाने के लिए भी आग्रह किया जा रहा है। इतना ही नहीं आयोजन वाले दिन नगर के मानस मंदिर परिसर में बड़ी स्क्रीन पर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का प्रसारण दिखाया जाएगा। 22 जनवरी को विकासखंड के मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन मानस मंदिर में ये आयोजन होंगे। नगर में स्वर्ण जयंती चौक पर मानस मंदिर में 22 जनवरी को कई आयोजन किए जाएंगे।मुख्य रूप से सुबह से श्रीराम धुन, हवन यज्ञ भगवान श्रीराम की महाआरती और शाम को संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर में बड़ी एलईडी पर अयोध्या में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

# पीएम ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने युवाओं से किया आह्वान

बलौदाबाजार, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। युवाओं के आदर्श और प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जाता है। नासिक महाराष्ट्र में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और एक नई ऊंचाई पर ले जाने युवाओं से आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होने युवा शक्ति पर केंद्रित अपने सारगर्भित और जोशीले भाषण से युवाओं का हौसला अफ्जाई किया। जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव का लाइव प्रसारण नगर पालिका परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चित्तावर जायसवाल, पार्षद अमितेश नेताम, संकेत शुक्ला, सीएमओ भोला ठाकुर सहित डीके कॉलेज, मिनी माता कन्या महाविद्यालय के एनसीसी एनएसएस के छात्र-छात्राओं सहित अनेक नागरिकों ने प्रधानमंत्री मोदी का भाषण, विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति और युवाओं के अद्भुत शारीरिक कला प्रदर्शन, मल्लखम्ब, स्केटिंग आदि रोमांचकारी प्रस्तुतियों का लाइव प्रसारण देखा।


### आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मेसर्स ओसवाल इंजिनियरिंग इंडस्ट्रीज, पता हथखोज इंडस्ट्रीयल पार्क, भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. आफिस एड्रेस- सी 402 कर्सन स्टेटस, न्यू टिम्बर मार्केट, पाटीधार भवन के पास, फाफाडीह, रायपुर छ.ग. के एक भागीदार स्व. श्री चंदन मल जैन, पिता स्व. आस्करण जैन की आकस्मिक निधन दिनांक 08/11/2023 को हो गया अब फर्म के शेष भागीदार श्री विकास कुमार, पिता स्व. चंदन मल बैद और एक नए भागीदार श्रीमती मंजू देवी जैन, पति स्व. चंदन द्वारा फर्म निरंतर जारी रखा जाएगा।

अतः उक्त संव्यवहार के फल स्वरूप यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो। तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेज सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद में प्रस्तुत आपत्ति अवैध मानी जाएगी उक्त अनुसार सूचना जाने। **जारी दिनांक 16/01/2024.**

श्री विकास कुमार, पिता स्व. चंदन मल बैद मेसर्स ओसवाल इंजिनियरिंग इंडस्ट्रीज, पता हथखोज इंडस्ट्रीयल पार्क, भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. आफिस एड्रेस सी-402, कर्सन स्टेटस, न्यू टिम्बर मार्केट, पाटीधार भवन के पास फाफाडीह, रायपुर छ.ग.

**मेसर्स ओसवाल इंजिनियरिंग इंडस्ट्रीज**
**(भागीदार श्री विकास कुमार)**

### न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

रा.प्र.क्रं. 202401220600002 /अ-21 वर्ष 2023-2024
ग्राम-गरियाबंद प.ह.नं. 10

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है आवेदक/आम मुख्तयार ग्रहिता सुशीला मुदलियार पति दिनेश मुदलियार निवासी गरियाबंद तहसील गरियाबंद द्वारा आम मुख्तयारकर्ती सुधा मुदलियार पिता नडराज मुदलियार के नाम पर ग्राम/नगर गरियाबंद तहसील गरियाबंद में स्थित (आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि) खसरा नं. 900/20 रकबा 0.01 हे. को अनावेदकगण 1. आशीष ठक्कर पिता हरिश भाई ठक्कर 2. जेसल ठक्कर पति आशीष ठक्कर निवासी गरियाबंद के पक्ष में विक्रय/अंतरण की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये दिनांक 29.01.2024 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार गरियाबंद**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ / 202401103000017 /अ-6/ वर्ष 2023-24

### उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक :- सुभाष चन्द्र पिता स्व. प्रीतमलाल उम्र- 75 वर्ष पता- बी-07, रॉयल ग्रीन जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक एवं सहखातेदार राधिका चंद्र पति श्री अजय गुप्ता के शामिल शरिक नाम हक व कब्जे की भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 स्थित भूमि खसरा नंबर 140/17 रकबा 0.020 हे. दर्ज है। सहखातेदार राधिक चंद्र पति श्री अजय गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 12. 12.2023 को हो चुका है। मृतक के मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख में वारिसान :- श्री अजय गुप्ता पिता श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, रौनक गुप्ता पिता श्री अजय गुप्ता का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी स्वयं प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29/1/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 5/1/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार दुर्ग**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

रा.प्र.क्र./202309103000021 /अ-6/2023-24

### उद्घोषणा-पत्र

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है । आवेदक/आवेदिका पी. भवानी पति अरुण कृष्णा निवासी ग्राम से.4 भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 572/142 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात् सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार पी.आर.के. शर्मा की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 30/1/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 15/1/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

**जारी दिनांक:- 15/1/2024**
**सुनावाई दिनांक:- 30/1/2024**

मुहर **अतरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

### न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

रा.प्र.क्रं.ई.पंजी./202401082200019 /अ-6/ वर्ष 2023-24

### ईश्तहार

आवेदकगण मुन्ताज शाह सैय्यद पिता मुस्ताक वगे. साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.- 16सी भू-खण्ड क्रं. 86 क्षेत्रफल 421.00 व.मी. जो नजूल अभिलेख संधारण खसरा में मुंताजशाह, इंताजशाह, रफीक शाह, नियाज शाह, गफूर शाह, रहमान शाह, मुश्ताकशाह सैय्यद, हसीना बेगम आ. मुश्ताक शाह, वसीम खान, वारिस खान, यास्मिन बानो, सबा बानो आ. मुश्ताक अली के नाम पर भूमि स्वामी हक के रूप में दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के धारकों द्वारा आवेदकगणों के पक्ष में पंजीकृत हकत्यागनामा दिनांक 04.12.2023 निष्पादित किये जाने से अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था, को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/1124 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11/1/24 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक 11/1/2024**
**पेशी दिनांक:-30/1/2024**

मुहर **नजूल अधिकारी कबीरधाम**

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- eejag-phe-cg@nic.in

**"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना" (प्रथम आमंत्रण)**

नि.क्र. 452-453 / ज.जी. मि./ नि.प्र./का.अ./लो. स्वा. यॉ. ख./2024    जगदलपुर , दि. 13.01.2024

जिला बस्तर के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत विभिन्न ग्राम हेतु नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत नलकूप खनन कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में आनलाईन (Online) निविदा (निविदा कार्य में प्रमुख अभियंता लो.स्वा. यॉ. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर दिनांक 01.06. 2020 से प्रभावशील एवं निविदा के सम्मुख दर्शाये गये तिथी तक समस्त संशोधन सहित लागु होगा। यह कार्य रिस्क एण्ड कॉस्ट पर आधारित है, इस कार्य में पूर्व के ठेकेदार जो इस कार्य को सम्पादित नहीं किये निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होगें ।) आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सुचना क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | विकासखण्ड / समुह क्रमांक | नल कुप खनन की संख्या | रिस्क एण्ड कॉस्ट पर आधारित पूर्व निविदा आमंत्रण दिनांक | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 452/13.01.2024 | 151533 | बकावण्ड/समुह क्र.-02 | 25 | 03-03-2023 | 29.164 | 21874/- |
| 453/13-01-2024 | 151538 | बस्तानार / समुह क्र.-02 | 25 | 03-03-2023 | 24.457 | 18343/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा दिनांक 27.01.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है ।

**कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)**

जी- 07137/3


पीएम जनमन योजना के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिले योजनाओं का लाभ यहीं हमारा लक्ष्य : वर्मा

■ कमार जनजाति के हितग्राहियों को बांटे प्रमाण-पत्र, दो मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बलौदाबाजार 17 जनवरी। विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों पीव्हीजीटी के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम जनमन के हितग्राहियों से चर्चा की। आज बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल नगर में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सभागार में पीएम जनमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद गुहाराम अजगले, कसडोल विधायक संदीप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा नगर पंचायत अध्यक्ष नीलूचंदन साहू, कलेक्टर चंदन कुमार, डीएफ्ओ मयंक अग्रवाल कमार समाज जिला अध्यक्ष तीज राम कमार उपस्थिति रहे। प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन के पश्चात पीएम जनमन के तहत विभिन्न हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मेगा इवेंट में पीवीटीजी समूहों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र, राशन कार्ड आजीविका के साधनों आदि के बारे में जानकारी दी गई और 1 हितग्राहियों को पक्के आवास के साथ ही विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा। 22 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड, 1 हितग्राहियों को पक्के आवास, 6 किसानों को किसान सम्मान निधि, 3 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 2 हितग्राहियों को कृषि उपकरण, 4हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 6 को उज्ज्वला सिलेंडर, 25 को जाति प्रमाण पत्र सहित सहित जाति प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, जांजगीर चांपा सांसद गुहा राम अजगले द्वारा पीएम जनमन अंतर्गत दो मोबाईल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें से एक यूनिट बल्दाकछार एवं औवराई के लिए निर्धारित की गई है। प्रत्येक गाड़ी प्रत्येक 15 दिनों में गांव जाकर स्वास्थ्य जांच करेंगे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा आजादी के 75 सालों बाद देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए टार्गेट वोरियेंटे योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओ का सीधा लाभ मिले। हम सब को 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। जिसके लिए सभी की सकारात्मक सहयोग अनिवार्य है। इस दौरान सांसद गुहाराम अजगलें ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।कसडोल विकासखंड के 2 ग्राम पंचायतों बल्दाकछार एवं औवराई में कमार जनजाति के लगभग 30 परिवार निवासरत है इनकी कुल जनसंख्या 195 है।

गौरतलब है की भारत सरकार द्वारा चिन्हित3 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन) की शुरूआत की गई है। पीएम जनमन योजना के तहत 9 केंद्रीय मंत्रालयों की मौजूदा योजनाओं के माध्यम से अगले 3 साल में 11 गतिविधियों के अंतर्गत उनका सामाजिक- आर्थिक उत्थान किया जाना है। इस कार्ययोजना में पक्के मकान, संपर्क मार्ग, स्वच्छ जल, मोबाइल-चिकित्सा, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण, वन धन केंद्र की स्थापना, बहुद्देशिय केन्द्र निर्माण, विद्युतीकरण प्रकाश व्यवस्था ग्रिड प्रणाली, मोबाइल टावर की स्थापना,सिकलसेल रोग उन्मूलन, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा बीमा पेंशन का भी लाभ दिया जाना है।

# जिला पंचायत अध्यक्षों को हटाने भाजपा नेता कर रहे कवायद

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 17 जनवरी।** राज्य में सत्ता परिवर्तन के पश्चात अब नई सहिबो, बदल के रहिबो के नारे को अब जिला पंचायत अध्यक्षों को हटाने लागू किया जाएगा। इसकी सुगबुगाहट तेज हो गई है। त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली के तहत निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल 2025 को खत्म होगा लेकिन सभी स्तर की पंचायतों पर भाजपा समर्थित कार्यकर्ता अविश्वास प्रस्ताव लाकर वर्तमान अध्यक्षों को हटाना चाहते हैं।

पंचायत विभाग के अनुसार राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली है। सरपंच, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत। इन तीनों इकाईयों के माध्यम से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन होता है। वर्तमान में केंद्र की परवर्तित योजनाएं अटल आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा सड़क योजना के लिए फिर से बड़ा फंड आने वाला है। पंचायत स्तर के चुनाव गैर राजनीतिक स्तर पर लड़े जाते हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े दल के नेता अपने समर्थकों को इसमें बिठाकर रखते हैं। जिला जनपद अध्यक्ष के पास विधायकों से ज्यादा निर्माण कार्य कराने के अधिकार हैं इसलिए जिला पंचायत की बैठक में विधायक अपने-अपने क्षेत्रों का काम कराने के लिए उपस्थित रहते हैं। शिक्षकों का स्थानांतरण, खनिज रॉयल्टी, गोठान एवं कृषि विभाग की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं जिला पंचायत के माध्यम से संचालित की जाती है। पंचायत विभाग के अनुसार वर्तमान में 30 जिला पंचायत हैं।

### अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से ही अध्यक्षों को हटाया जा सकेगा

पंचायत विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष को हटाने के लिए कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देना होगा इसके लिए सूचना जारी की जाएगी। एक तिहाई मत मिलने पर अविश्वास प्रस्ताव पारित हो सकेगा। रायपुर संभाग में इस समय कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष कार्यरत हैं। रायपुर में डोमेश्वरी वर्मा अध्यक्ष हैं। भाजपा समर्थित टंक राम वर्मा उपाध्यक्ष हैं। वर्तमान में 16 सदस्य हैं। इनमें से 9 कांग्रेस तथा 7 कांग्रेस समर्थित सदस्य हैं। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 13 मत मिलना चाहिए। वर्तमान में जिला जनपद में निर्दलीय सदस्य भी हैं। बलौदाबाजार में पूर्व विधायक जनक राम वर्मा के पुत्र राकेश वर्मा अध्यक्ष हैं। यहां पर भी कुल 16 सदस्य हैं। इसके अलावा महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी एवं बिलासपुर तथा दुर्ग संभाग में भी यही स्थिति है। जिला पंचायत अध्यक्षों के अनुसार सभी काम सूझबूझ और आपसी सामंजस्य से किए जाते हैं। यहां पर दलीय राजनीति के आधार पर काम नहीं होता। जिला जनपद अध्यक्ष एक महत्वपूर्ण पद है। इस पद के सहारे कोई भी नेता गांव में अपनी सीधी पकड़ बना लेता है। इसलिए भाजपा समर्थित बड़े नेता अब त्रिस्तरीय पंचायत में अपना वर्चस्व बनाने के लिए कवायद कर रहे हैं।



## नेटबॉल महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन

**रायपुर 17 जनवरी।** श्रीमती पी जी डागा कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिक्षेत्र स्तरीय अंतर महाविद्यालय नेटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन बालाजी विद्या मंदिर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सत्यनारायण शर्मा जी के द्वारा उद्घाटन किया गया। राष्ट्रीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित डागा कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी जी, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर संगीता घई, बालाजी विद्या मंदिर के जी स्वामी आचार्य जी एवं चिन्हित महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर रामानंद यदु, डॉक्टर प्रमोद मेने, डॉ प्रकाश बैद, श्री प्यारेलाल साहू, श्री विनय शर्मा, 10 महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित थे द्य मुख्य अतिथि द्वारा डॉ रामानंद यदु साइंस कॉलेज, प्रमोद मेने व डॉक्टर रिंकू पांडे का सम्मान किया गया । इस प्रतियोगिता में 10 महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया द्य प्रतियोगिता के आयोजन की जानकारी कीड़ा अधिकारी प्रेम शंकर द्वारा दी गई डॉ प्रेम शंकर क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सभी महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया द्य प्रतियोगिता का प्रथम मैच डागा महाविद्यालय एवं शासकीय दू.ब. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता की निर्णायक श्री उमेश पटेल उपस्थित रहे द्य पुरस्कार वितरण श्री अजय तिवारी द्वारा किया गया।

## एक नजर

### युवक पर कुल्हाड़ी व चाकू से हमला

**रायपुर, 17 जनवरी।** पारसनगर में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक की हत्या करने की नियत से रॉड, कुल्हाड़ी व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी क अनुसार प्रार्थी सूरजदास मानिकपुरी 22 वर्ष पारसनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी एजाज खान, संदीप, राजा भास्कर व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी के भाई दीपक मानिकपुरी पर रॉड, कुल्हाड़ी व चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। वहीं प्रार्थी व उसके अन्य भाई विकाश दास मानिकपुरी से मारपीट किए है।

### चावल सप्लाई करने के नाम पर साढ़े 7 लाख की ठगी

**रायपुर, 17 जनवरी।** जयशंकर फुड प्रायवेट लिमिटेड छाटा रोड नयापारा में 30 टन चावल सप्लाई करने के नाम पर तीन लोगों ने साढ़े 7 लाख रुपए लेकर ठगी के वारदात को अंजाम दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरा नवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल सुंदरानी 30 वर्ष छाटा रोड गोबरानवापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अनिल मिश्रा, शशिकांत पांडे व आनंद शेखर ने प्रार्थी को 30 टन चावल सप्लाई करने का सौदा कर प्रार्थी से साढ़े 7 लाख रुपए ले लिया और चावल की सप्लाई नहीं किया।

### पार्किंग से एक्टिवा पार

**रायपुर, 17 जनवरी।** आयूष संचानालय के पार्किंग से अज्ञात चोर ने एक्टिवा वाहन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकाश चावला 26 वर्ष गांधीनगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 7946 को आयूष संचानालय के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### निर्माणाधीन मकान में चोरी दो के खिलाफजुर्म दर्ज

**रायपुर, 17 जनवरी।** अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर स्थित निर्माणाधीन मकान से दो युवकों ने एसी का कॉपर पाइप और बिजली तार पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी यश गुप्ता 36 वर्ष आनंद नगर तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर में निर्माणाधीन मकान है। जहां आरोपी निहाल देवदास 18 वर्ष व एक अन्य ने प्रवेश कर एसी के कॉपर पाइप और बिजली तार पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चार शराब कोचिया चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 17 जनवरी।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 98 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने हीरापुर बस्ती के पास अवैध शराब बेचते आरोपी भूपेंद्र सिंह 41 वर्ष के पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी शिव ध्रुव 27 वर्ष के पास से 34 पाव देशी शराब एवं नेवरा पुलिस ने ग्राम किरना भाठा में आरोपी हुसेंद्र भारती 50 वर्ष के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है।

### प्रतिबंधित केप्सूल के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 17 जनवरी।** कबीरनगर पुलिस ने तेंदुआ रोड जरवाय हीरापुर के पास नशीली केप्सूल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 312 नग केप्सूल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तेंदुआ रोड जरवाय हीरापुर के पास एक युवक प्रतिबंधित नशीला केप्सूल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।

### नहीं रहे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के पिता, 18 को होगा अंतिम संस्कार

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख और जगदलपुर के विधायक किरण सिंहदेव के पिता श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव (104) का निधन हो गया हैं। जानकारी के मुताबिक उनका अंतिम संस्कार कल यानी गुरूवार को लुंबनी हाउस सुकमा में संपन्न होगी। बता दे कि दिवंगत कुमार लक्ष्मी नारायण देव (छोटे जमीदार साहेब) का निधन आज 11:00 बजे अमरविला वृंदावन कॉलोनी में हो गया। वे करण सिंह देव, स्व. अमर सिंह देव, कुमार जयदेव व किरण सिंह देव जी (भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष/जगदलपुर विधायक) के पिताजी, विक्रम सिंहदेव के चाचा जी थे। और विजित देव, श्रृंगवेद देव के दादाजी थे।



## कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ ने धान खरीदी व छात्रावास का किया निरीक्षण

**रायपुर, 17 जनवरी।** कलेक्टर रायपुर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर विश्वदीप के द्वारा तिल्दा विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थय केंद्र, जनपद पंचायत, अनुसूचित जनजाति प्री मेट्रिक छात्रावास तिल्दा एवं धान खरीदी केद छटौद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

जिसमे उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थय केंद्र मे चल रहे मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द और समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अधिकारियों को दिया गया। उनके द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी को भी मरीजों के सुविधाओं के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिया गया साथ ही डॉक्टर की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव, हमर लैब, आकस्मिक परिस्थिति और ऑपरेशन थियेटर के संबंध मे भी खंड चिकित्सा अधिकारी से जानकारी लिया गया । ऑपरेशन थियेटर मे चल रहे मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का भी निर्देश उनके द्वारा दिया गया। अस्पताल मे आये मरीजो से भी सुविधाओं और मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जानकारी भी ली।

अनुसूचित जनजाति प्री मेट्रिक छात्रावास तिल्दा मे पानी की सुविधा के लिए उनके द्वारा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास और लोक स्वास्थय यांत्रिकी के अधिकारियों तत्काल बोर खनन करने के निर्देश दिया गया। उपस्थित आश्रम अधीक्षक से आश्रम के बच्चों

के खाने की गुणवत्ता, साफ सफाई और सुविधाओं की जानकारी लेकर उनके द्वारा आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिया गया। धान खरीदी केद छटौद का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लेकर विभिन्न पंजियों का निरीक्षण उनके द्वारा किया गया। मौके पर उनके द्वारा कुछ बोरों को तौलाकर भी जांच किया गया। खरीदी केंद्र प्रबंधक से धान बेच चुके और शेष बचे किसानों के संबंध मे जानकारी लिया गया । धान खरीदी के लिए आने वाले नियत समय मे सुचारु रुप से खरीदी के किसानों के सुविधाओं के संबंध मे आवश्यक निर्देश खरीदी केंद्र प्रबंधक को दिया गया।

## भाजपा से सरकार नहीं संभल रहा: कांग्रेस

**रायपुर 17 जनवरी।** कांगेस सरकार ने पांच सालों में जनकल्याणकारी योजनाओं में जनता के खाते में सीधे 2 लाख करोड़ रू. डाले थे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार एक महिने में अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पा रही है। भाजपा से सरकार नहीं संभल नहीं रही है। एक महिने में ही सरकार चलाने वालों को पसीना निकलने लगा है। सरकार ने 2 हजार करोड़ का कर्जा लेने के लिये कवायद शुरू कर दिया है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम तीन वित्तीय वर्ष में एक रूपये का भी कर्ज नहीं लिया था। जबकि भाजपा की रमन सरकार ने विरासत में 50 हजार करोड़ का कर्जा छोड़ा था। भाजपा अपने वायदे पूरा नहीं कर पा रही है तो पिछली सरकार पर आरोप लगा रही है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने पांच सालों में राज्य की जनता के ऊपर एक रू. भी अतिरिक्त कर्ज का बोझ नहीं डाला था। बिजली बिल आधा ही आता था, संपत्तिकर में एक रू. की भी बढ़ोत्तरी नहीं की गयी थी, डीजल पेट्रोल के वेट में कटौती की गयी थी। जमीनो के गाईड लाईन में पूरे पांच सालों तक एक रू. की भी बढ़ोत्तरी नहीं की गयी थी। इतनी राहतो के बावजूद कांग्रेस सरकार से जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता में रखा। गोधन न्याय योजना के माध्यम से लगातार लोगो की सहायता की गयी। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ की आर्थिक स्थिति मजबूत रही।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ में वित्तीय अनुशासन और कुशल प्रबंधन का कीर्तिमान स्थापित किया। अर्थव्यवस्था के तीनों सेक्टर कृषि, सेवा और उत्पादन के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के दौरान 2018 से 23 तक छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा है। छत्तीसगढ़ विगत 3 वर्षों से कोई भी नया कर्ज़ नहीं लेने वाले देश के 4 राज्यों में अग्रणी राज्य रहा है। भूपेश सरकार में किसी भी तरह से ना कोई नया कर लादा गया और न ही किसी भी तरह से पूर्व से लगाए गए करो में कोई वृद्धि की गई, बल्कि सब्सिडी, राहत और रियायत लगातार छत्तीसगढ़ की जनता को मिलते रहा। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के द्वारा 31 मार्च 2023 तक किए गए बजट प्रावधान के तहत दिए जाने वाला बेरोजगारी भत्ता नवंबर से बंद है, किसान न्याय योजना की चौथी किस्त भी भारतीय जनता पार्टी के नेता हजम करने के फिराक में हैं। भाजपा के घोषणा और मोदी की गारंटी का तो अता-पता नहीं बल्कि उल्टे पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार द्वारा प्रावधान की गई राशि भी दुर्भावना पूर्वक हड़प लिए। छत्तीसगढ़ उत्पादक राज्य है, स्टील और सीमेंट के अग्रणी उत्पादक होने के साथ ही तमाम तरह के मिनरल्स है। कोयला, आयरनओर, बॉक्साइट और टीन जैसे बहुमूल्य खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है। कमी प्रदेश में संसाधनों की नहीं बल्कि भाजपा के नेताओं के नियत में ही खोट है। असलियत यह है कि वित्तीय संकट बताकर वादाखिलाफी के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं भाजपाई।

### कलेक्टर के निर्देश पर अवैध खनिज परिवहन करते वाहनों को किया जब्त

**रायपुर, 17 जनवरी।** रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार खनिज विभाग रायपुर , उप संचालक (खनिज प्रशासन) किशोर कुमार गोलघाटे के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच दल द्वारा निरंतर कार्यवाही करते हुए दिनांक 14 जनवरी 2024 को कुल 12 वाहनों के विरुद्ध अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। जिसमे अवैध परिवहन करते 2 वाहन रेत, 7 वाहन चुनापत्थर , 2 वाहन मुरूम एवं 1 वाहन फर्शी पत्थर शामिल है।

### बाजार में तूफान लाने के लिए तैयार है नई ह्युंडई क्रेटा

**रायपुर 17 जनवरी।** ह्युंडई मोटर इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित नई ह्युंडई क्रेटा को लॉन्च कर दिया है। क्रेटा ब्रांड की सफलता एवं विरासत पर तैयार नई ह्युंडई क्रेटा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की तरफ कदम बढ़ाने, सेगमेंट को नई परिभाषा देने वाली सुरक्षा, शानदार परफॉर्मेंस और आराम एवं सहूलियत भरे फीचर्स का वादा करती है। नई ह्युंडई क्रेटा का कोई जोड़ नहीं है, जिससे इसके अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट होने की झलक दिखती है। नई ह्युंडई क्रेटा एडवांस्ड एवं हाई-टेक फीचर्स क्वाड बीम एलईडी हेडलैंप्स, ह्युंडई स्मार्टसेंस लेवल 2 एडीएएस, वॉइस इनेबल्ड स्मार्ट पैनोरमिक सनरूफ, कनेक्टेड 26.03 सेंटीमीटर एचडी इन्फोटेनमेंट एवं 26.03 सेंटीमीटर डिजिटल क्लस्टर, प्रीमियम इंटीरियर, ड्राइव मोड सेलेक्ट, ट्रैक्शन कंट्रोल मोड, बोस प्रीमियम साउंड सिस्टम (8 स्पीकर्स)और पैडल शिफ्टर्स से लैस है।

## सबसे अधिक धान खरीदी में रायपुर केंद्रीय सहकारी बैंक अव्वल

- कुल खरीदी का एक तिहाई धान खरीदी बैंक की समितियों ने

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 17 जनवरी।** प्रदेश में धान खरीदी में रायपुर केंद्रीय जिला सहकारी बैंक सबसे अग्रणी है। करीब 6 जिलों में इसकी विभिन्न शाखाओं के अंतर्गत आने वाली सहकारी समितियों में अभी तक 30 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदा जा चुका है जो कि प्रदेश में कुल खरीदी का एक तिहाई है। राज्य में धान खरीदी चल रही है। मार्कफेड नोडल एजेंसी है। धान खरीदी के लिए सहकारी समितियों को अधिकृत किया गया है। यह समितियां केंद्रीय सहकारी बैंकों के अधीन काम करती है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बस्तर, अंबिकापुर में जिला सहकारी बैंक है। रायपुर केंद्रीय सहकारी बैंक की 6 जिलों में शाखाएं हैं। 6 जिले रायपुर, बलौदाबाजार, सारंगढ़, महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद है। राज्य में धान खरीदी का लक्ष्य 130 लाख मीट्रिक टन है। अभी तक 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। इस समय



धान की आवक काफी बढ़ गई है। राज्य में धान खरीदी 31 जनवरी तक चलेगी। इसलिए अब यहां पर धान की खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने की आवश्यकता नहीं होगी। राज्य में धान खरीदी के लिए बारदानों की कमी पड़ रही है। किसानों का भुगतान करने के लिए माक्रफेड को अतिरिक्त ऋण लेना पड़ रहा है। बताया जाता है कि 8 हजार करोड़ अतिरिक्त लेना पड़ रहा है। भाजपा सरकार ने एकमुश्त पैसा देने की घोषणा की है। अपेक्स बैंक के माध्यम से सहकारी बैंकों में पैसे का भुगतान किसानों के खाते में किया जाता है। राज्य में भाजपा सरकार ने 21 क्विंटल प्रतिएकड़ 31 सौ रुपए की दर से खरीदन का वायदा किया है। लेकिन धान खरीदी प्रतिक्वंटल 2183 की दर से की जा रही है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम करें तैयार : परदेशी

**रायपुर, 17 जनवरी ।** स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने पर जोर दिया है। परदेशी एससीईआरटी में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हो, प्रशिक्षण 5 दिन से अधिक का हो,जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय के अलावा अधिक से अधिक ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। परदेशी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के त्वरित क्रियान्वयन हेतु दूसरे राज्यों के बेस्ट प्रैक्टिसेज और एनसीईआरटी में जाकर अवलोकन करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अलग-अलग किताबें पढ़ाई जाने की जानकारी पर उन्होंने इसकी मॉनीटरिंग कर रिपोर्ट तत्काल दिए जाने के निर्देश भी दिए। स्कूल शिक्षा सचिव ने बालक-पालक सम्मेलन को सशक्त बनाने, समावेशी शिक्षा, योग की शिक्षा को प्रत्येक स्कूल तक पहुंचाने। बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने कहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रशिक्षण धरातल पर पहुंचे इसके लिए एससीईआरटी और डाइट के सहयोग से सघन एकेडमी मॉनिटरिंग करें। परदेशी शिक्षकों को ज्यादा से ज्यादा संवेदनशील बनाए जाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने इससे पूर्व आज दोपहर बाद एससीईआरटी के डायरेक्टर ाजेंद्र कुमार कटारा, अतिरिक्त संचालक जे.पी. रथ, संयुक्त संचालक के. कुमार के साथ एस सीईआरटी के प्रत्येक कक्ष का अवलोकन किया। वहां चल रहे प्रशिक्षण कार्यशाला में भी शिक्षकों से बातचीत की।

## सड़क पर पानी बहाने व गंदगी फैलाने पर एमजी रोड की दुकान सील

**रायपुर 17 जनवरी।** सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन द्वारा संचालित सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की सफाई व रख-रखाव में लापरवाही पाए जाने पर नगर निगम ने 55 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है, वहीं जोन 02 में व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा सड़कों में पानी बहाने व गंदगी फैलाने पर दुकान सील करने की कार्यवाही जोन कमिश्नर द्वारा की गई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम के सभी वार्ड में सघन सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर मुख्यालय के अधिकारियों के साथ स्वच्छ भारत मिशन, सभी जोन कमिश्नर व जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम सभी वार्ड में निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। सुलभ इंटरनेशनल पर यह कार्यवाही जोन 05 के कमिश्नर व उनकी टीम द्वारा किया गया है।

जोन 05 कमिश्नर श्री सुशील चौधरी व उनकी टीम द्वारा सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन द्वारा संचालित मंगल बाजार, सखाराम दुबे, डंगनिया व लाखे नगर सुलभ



शौचालयों का भी आज औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें मंगल बाजार के गली नंबर 05 में संचालित शौचालय में केयर टेकर अनुपस्थित पाए जाने पर 15 हजार रुपए का दंड, गली नंबर 10 के शौचालय में बदबू एवं अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर 10 हजार रुपए, सखाराम दुबे स्कूल स्थित सुलभ शौचालय के सीटों में गंदगी व डस्टबिन में कचरा जाम पाए जाने पर 10 हजार रुपए, डंगनिया सुलभ शौचालय परिसर में गंदगी व समुचित सफाई न होने व जगह-जगह कचरा पाए जाने पर 10 हजार रुपए व लाखे नगर सुलभ शौचालय में बाल्टी, मग, हैंडवाश जैसी आवश्यक व्यवस्था न होने पर 10 हजार रुपए का दंड आरोपित किया गया है। जोन कमिश्नर ने इन स्थलों पर तत्काल व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश मौके पर ही दिए गए।

जोन क्र. 02 के कमिश्नर श्री आर.के. डोंगरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लावनिया सहित पूरी टीम सड़कों में गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करने आज भी निकली। इस दौरान एम.जी. रोड में मुंबई सिगड़ी डोसा एवं पाव भाजी प्रतिष्ठान को सड़क पर पानी बहाते व चारों ओर गंदगी फैलाते पाए जाने पर इस दुकान को सील कर दिया गया है। नगर निगम इस संस्थान को सार्वजनिक मार्ग को क्षति पहुंचाने व आम लोगों की सुविधाओं पर बाधा बनने पर पृथक से अर्थदंड लगाए जाने हेतु नोटिस भी दिया जा रहा है।

आयुक्त श्री मिश्रा ने स्वच्छ भारत मिशन व जोन अधिकारियों से स्पष्ट तौर पर कहा है कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करें एवं अपने जोन में सफाई व्यवस्था की हर गतिविधियों की निगरानी के लिए पूरी टीम के साथ जमीनी स्तर पर निगरानी रखें। उन्होंने यह भी कहा है कि व्यावसायिक संगठनों, रेसिडेंशियल कॉलोनी और मोहल्ला समितियों को भी स्वच्छता कार्यक्रमों से जोड़कर इस अभियान को हर घर तक पहुंचाए।

## वेदांता एल्यूमिनियम के योगदान से भारत के युवा बन रहे सशक्त

**नई दिल्ली, 17 जनवरी।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर अपने सभी प्रचालनों में युवा सशक्तिकरण और अनेक अवसरों के जरिये उनकी उत्तरोत्तर प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अपने विश्व स्तरीय प्रचालनों में रोजगार के अवसरों का निर्माण तथा स्थानीय समुदाय के युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, जमीनी स्तर पर खेल व पारंपरिक कलाओं में प्रशिक्षित कर मजबूत बनाना कंपनी के दो-सूत्रीय दृष्टिकोण हैं। इस प्रकार भारत के युवाओं को सतत आजीविका एवं लक्ष्य हासिल करने में मदद कर समुदायों एवं देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दिया जा रहा है। वेदांता एल्यूमिनियम के प्रचालनों में दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम स्मेल्टरों में से एक झारसुगुडा में स्थित है। लांजीगढ़, ओडिशा में विश्व स्तरीय एल्यूमिना



रिफाइनरी है। इसके अलावा भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) कोरबा छत्तीसगढ़ में संचालित है। इन प्रचालनों में वेदांता एल्यूमिनियम की 55 प्रतिशत से अधिक शीर्ष प्रतिभाएं 20 से 30 आयु वर्ग की हैं। वे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करते हुए उच्च-गुणवत्ता के एल्यूमिनियम का उत्पादन कर रही हैं जिसे दुनिया के 60 से अधिक देशों में हाई-एंड एप्लीकेशंस में इस्तेमाल के लिए निर्यात किया जाता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26